संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, बुधवार, 14 फरवरी 2024 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



पीएम मोदी-राष्ट्रपति नाहयान ने की द्विपक्षीय वार्ता। अबू धाबी में किया यूपीआई रुपे कार्ड सेवा का हुआ शुभारंभ।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 15 अंकः 44 पृष्ठः 08 | RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com | उत्तराखण्ड संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


## आप का कांग्रेस को 1 लोकसभा सीट का प्रपोजल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
लोकसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) ने गोवा और गुजरात के अपने उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है। मंगलवार (13 फरवरी) को आप सांसद संदीप पाठक ने पार्टी की पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक के बाद इंडिया ब्लॉक के साथ सीट शेयरिंग को लेकर चर्चा की। संदीप ने कहा कि योग्यता के आधार पर कांग्रेस पार्टी दिल्ली में एक भी सीट की हकदार नहीं है। हम गठबंधन धर्म को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव दे रहे हैं कि दिल्ली में कांग्रेस एक सीट और आप 6 सीटों पर लड़े।

**कांग्रेस से सीट शेयरिंग पर 2 मीटिंग हुई, दोनों बेनतीजाः** संदीप ने यह भी कहा कि सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस पार्टी के साथ दो बैठकें हुईं, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। इसके अलावा, पिछले 1 महीने में कोई बैठक नहीं हुई है। हम अगली मीटिंग का इंतजार कर रहे हैं। कांग्रेस के नेताओं को भी अगली बैठक की जानकारी नहीं है। आज, मैं भारी मन से यहां बैठा हूं। हमने असम से तीन उम्मीदवारों की घोषणा की और मुझे उम्मीद है कि इंडिया गठबंधन उन्हें स्वीकार करेगा। संदीप ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने दिल्ली में 2019 लोकसभा चुनाव में जीरो सीट, विधानसभा में जीरो सीट, एमसीडी चुनावों में 250 में से सिर्फ 9 सीटें जीती हैं। उधर, आप ने गुजरात में पिछले स्टेट इलेक्शन में वोट शेयर के अनुपात में 26 में से 8 लोकसभा सीटों की मांग की है।

**पंजाब की 13 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी आप : आप** ने पिछले महीने 24 जनवरी को ही ऐलान कर दिया था कि वह पंजाब की सभी 13 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। इसके लिए अंदरूनी तौर पर आप ने पूरी तैयारी कर ली है। 13 लोकसभा सीटों पर 40 नामों की लिस्ट भी तैयार कर ली गई है। किसी सीट पर 2 तो किसी पर 4 विकल्प भी रखे गए हैं। लोकसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जनवरी 2024 में मुर्शिदाबाद में कहा था- मुझे समझ नहीं आता कि कांग्रेस पार्टी को इतना अहंकार किस बात का है। मुझे नहीं लगता कि वो 300 में से 40 सीट भी जीत पाएगी। ममता ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी पहले जहां-जहां जीतती थी, अब वहां भी हारती जा रही है। अगर उसमें हिम्मत है तो बनारस और प्रयागराज में भाजपा को हराकर दिखाए।

### आदर्श विचार



"शिक्षा और ज्ञान उसी को मिलता है जिसमें जिज्ञासा होती है।"
भागवद्

### मन की बात



"बाहरी स्वभाव केवल अंदरूनी स्वभाव का बड़ा रूप हैं।"
स्वामी विवेकानंद

### तीसरी आंख




## 1 करोड़ घरों को 300 यूनिट मिलेगी मुफ्त बिजली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सौर ऊर्जा और सतत प्रगति को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार जल्द ही 'पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना' शुरू कर रही है। इस योजना का लक्ष्य 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करके एक करोड़ घरों को रोशन करना है। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा करते हुए कहा कि इस परियोजना में 75,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा।

# दिल्ली जाने के लिए अड़े किसान...

पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर पुलिस ने रबर की गोलियां चलाईं, खनौरी बॉर्डर पर लाठियां चलीं, सड़कों पर कीलें और आंसू गैस के गोले... सिंघु से शंभू बॉर्डर तक हालात तनावपूर्ण

**उग्र हुआ आंदोलन**

**8 किसानों ने मंगलवार को संभू बॉर्डर क्रॉस करने की कोशिश की तो सुरक्षाबलों के साथ उनकी झड़प भी हुई**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मंगलवार** को किसानों के दिल्ली कूच होने को लेकर जहां एनसीआर में भारी जाम देखने को मिला, वहीं गाजीपुर बॉर्डर, सिंघु बॉर्डर और संभू बॉर्डर समेत सभी बॉर्डर को सील कर दिया गया। किसानों ने मंगलवार को संभू बॉर्डर क्रॉस करने की कोशिश की तो सुरक्षाबलों के साथ उनकी झड़प हो गई। किसानों ने पुलिस बैरिकेड तोड़ने का प्रयास किया। हालात को काबू में करने के लिए पुलिस ने ड्रोन से आंसू गैस के गोले दागे। किसान आंदोलन को लेकर चीफ ओवैसी ने कहा कि मोदी सरकार को किसानों की मांगे पूरी करनी चाहिए। यह सरकार की विफलता है कि वह लगातार समय बर्बाद कर रही है। एमएसपी कानून जल्द लागू होना चाहिए। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने मंगलवार को कहा कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मैं किसानों से आग्रह करता हूं कि वे ऐसे तत्वों से सावधान रहें, जो माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट की सिफारिश के अनुसार, सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी वाला कानून बनाने की मांग के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ऐसे कई मामलों पर सहमत है। अर्जुन मुंडा किसान नेताओं के साथ बातचीत करने वाले मंत्रियों की टीम में शामिल हैं। इस टीम में खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल, नित्यानंद राय और पंजाब के मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल भी शामिल हैं।

### किसान आंदोलन में रैपिड एक्शन फोर्स के जवान घायल

**किसानों** के विरोध प्रदर्शन के दौरान घायल हुए रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों को अंबाला के सिविल अस्पताल लाया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारियों द्वारा बैरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास किया गया। इसके साथ ही प्रदर्शनकारियों ने हरियाणा पुलिस पर भारी पथराव किया जिसके जवाब में हरियाणा पुलिस ने वॉटर कैनन तथा आंसू गैस का इस्तेमाल करके स्थिति को नियंत्रण में लिया। कानून सभी के लिए समान है और हम सभी को इसका सम्मान करना चाहिए। प्रदर्शन की आड़ में उपद्रव फैलाने की अनुमति किसी को नहीं है , ऐसे लोगों पर विधि अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

### किसान आंदोलन के कारण सड़कें अवरुद्ध

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**किसानों** के दिल्ली कूच को रोकने के लिए हरियाणा में सड़कों को बाधित करने व इससे लोगों को होने वाली परेशानी को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार, हरियाणा सरकार, पंजाब सरकार, दिल्ली सरकार और यूटी प्रशासन सहित दोनों किसान यूनियन को नोटिस जारी कर 15 फरवरी तक जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही हाई कोर्ट ने केंद्र, हरियाणा सरकार और पंजाब सरकार को कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा मिलकर इस मुद्दे का हल निकालने का प्रयास करने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कहा कि यदि आवश्यकता पड़ी तो दोनों राज्यों को सुरक्षा बल मुहैया करने के लिए केंद्र सरकार तैयार है।

## कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में कई जगहों पर ईडी की छापेमारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले के कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में कई जगहों पर छापेमारी की। ईडी ने बताया कि दोनों राज्यों में छापेमारी की कार्रवाई में 31 लाख रुपये की बेहिसाब नकदी जब्त की गई है। बता दें कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत सूर्य नारायण रेड्डी और भरत रेड्डी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। ईडी ने बताया कि इस मामले में कर्नाटक के बेल्लारी में एफआईआर दर्ज कराया गया था और 10 फरवरी को तलाशी ली गई थी।

**अवैध लेनदेन के मिले सबूतः** जांच एजेंसी को तलाशी के दौरान ऐसे सबूत मिले हैं, जो दशार्ते हैं कि भरत रेड्डी ने कथित तौर पर विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कुछ महीनों में लगभग 42 करोड़ रुपये नकद जुटाए थे और उसका उपयोग गैरकानूनी लेनदेन के लिए किया गया था।

## उत्तराखंडः गडकरी ने दी 4750 करोड़ की सौगात



**विकास कार्य**

**8 आज से तीन महीने के अंदर श्यामपुर फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा**

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**
**परिवहन** और राजमार्ग केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी आज हरिद्वार पहुंचे। यहां उन्हांने तीर्थनगरी में 4750 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 30 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि यहां के सांसदों ने समय-समय पर मांग की है। आज से तीन महीने के अंदर श्यामपुर फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। अभी तक जो प्रोजेकट चल रहे हैं वह एक लाख करोड़ के हैं। इनमें 16 हजार करोड़ के केवल रोपवे ही हैं। उत्तराखंड में आने वाले समय में यह राशि दो लाख करोड़ की होगी। 2024 तक त्यूणी हाईवे का निर्माण होगा। कुमाऊं से बदरीनाथ तक मार्ग बनेगा। मसूरी में जाम से मुक्ति के लिए निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। पांवटा साहिब से मेदनीपुर तक और गुल्लूपुर तक दो फेज मे निर्माण कार्य होगा। यमुनोत्री तक पोंटा से यात्रा सुगम की जाएगी। गर्तांग गली समेत अन्य स्थानों को सीमाओं से जोड़ा जाएगा। कहा कि चमोली में 80 करोड़ की लागत से दो लेन सड़क बनेगी। दिल्ली से देहरादून मार्ग की सौगात पीएम ने दी है। 12 हजार करोड़ की परियोजना का लाभ जल्द मिलने लगेगा। सड़क सुविधा बेहतर होगी तो दो करोड़ यात्री उत्तराखंड पहुंचेंगे। प्रदेश सरकार इस तरह के कार्य करे, जिससे यहां के युवाओं को रोजगार मिले। कहा कि कैलाश मानसरोवर तक सड़क जल्द पूरी हो जाएगी।

## मुनाफाखोरी रोधी प्रावधानः सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दिया नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर अधिनियम के तहत मुनाफाखोरी रोधी प्रावधान को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया।

शीर्ष अदालत ने यह आदेश उस याचिका पर दिया है, जिसमें जीएसटी अधिनियम के तहत मुनाफाखोरी रोधी प्रावधान को बरकरार रखने के लिए दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी है। इस प्रावधान में कहा गया है कि जो कंपनी कर में बचत करती हैं, उसे कीमतें कम करनी होंगी।

## एक राष्ट्र एक चुनावः समिति ने राज्य चुनाव आयुक्तों के साथ किया मंथन




**बैठकों का दौर**

**8 कोविंद और सदस्यों एनके सिंह, संजय कोठारी ने एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर विचार जाना**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**एक राष्ट्र,** एक चुनाव पर गठित उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद और सदस्यों एनके सिंह, संजय कोठारी ने एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर विचार जानने के लिए राज्य चुनाव आयुक्तों के साथ बैठक जारी रखी। बैठक में कानून सचिव डॉ राजीव मणि भी मौजूद रहे। गत सितंबर को लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगर पालिकाओं और पंचायतों में एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे की जांच करने और सिफारिशें करने के लिए समिति का गठन किया गया था।

### मुद्दों के निदान की आवश्यकता पर बल

**दोनों** आयुक्तों ने राज्य विधानसभाओं और लोकसभा के साथ-साथ स्थानीय निकायों के चुनाव कराने के लिए विभिन्न मुद्दों के निदान की आवश्यकता पर जोर दिया। गत सप्ताह समिति ने राजस्थान के चुनाव आयुक्त मधुकर गुप्ता, केंद्रशासित प्रदेश दिल्ली के पूर्व चुनाव आयुक्त संजय श्रीवास्तव और हरियाणा के पूर्व चुनाव आयुक्त डा. दलीप सिंह के साथ बैठकें की थी। इससे पहले गत 27 जनवरी को पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस यूयू ललित, मद्रास हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीब बनर्जी और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा के साथ परामर्श किया था।

## 'कांग्रेस देगी एमएसपी की कानूनी गारंटी'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अपनी मांगों** के साथ सैकड़ों किसान संगठन के समर्थन में पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसानों ने राष्ट्रव्यापी विरोध-प्रदर्शन की पूरी तैयारी कर ली है। अपनी मांगों के साथ दबाव बनाने के लिए किसान सड़कों पर उतर चुके हैं। इसी बीच, राहुल गांधी ने इन किसानों का समर्थन करते हुए कहा है कि कांग्रेस हर एक किसान के साथ है और यह किसानों को कांग्रेस की पहली गारंटी है।

**सोशल मीडिया पर किया पोस्टः** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में उन्होंने कहा, "किसान भाइयों आज ऐतिहासिक दिन है! कांग्रेस ने हर किसान को फसल पर स्वामीनाथन कमीशन के अनुसार एमएपी की कानूनी गारंटी देने का फैसला लिया है। यह कदम 15 करोड़ किसान परिवारों की समृद्धि सुनिश्चित कर उनका जीवन बदल देगा। न्याय के पथ पर यह कांग्रेस की पहली गारंटी है।" छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, "आज किसान दिल्ली की ओर मार्च कर रहे हैं, उन्हें रोका जा रहा है, उन पर आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं। वे क्या कह रहे हैं?

वे सिर्फ अपनी मेहनत का फल मांग रहे हैं। बीजेपी सरकार ने एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देने की घोषणा की, लेकिन वे एमएस स्वामीनाथन की कही बात को लागू करने को तैयार नहीं हैं।

## चुनाव आयुक्त की नियुक्तिः नए कानून पर रोक लगाने से इंकार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम कोर्ट** ने मंगलवार को नए कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। इस कानून में मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति एक पैनल द्वारा करने का प्रावधान है, जिसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश शामिल नहीं हैं। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स द्वारा दायर याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया।

इसके साथ ही मामले को अप्रैल में सुनवाई के लिए अन्य दूसरी लंबित याचिकाओं के साथ सूचीबद्ध कर दिया। याचिका में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। एडीआर की ओर से सीनियर वकील प्रशांत भूषण पेश हुए।

## हल्द्वानी हिंसा सांप्रदायिक नहीं थीः डीजीपी



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**उत्तराखंड पुलिस** के डीजीपी ने कहा है कि 8 फरवरी को हल्द्वानी में जो हिंसा हुई थी, वह सांप्रदायिक नहीं थी। लोगों को इस घटना को सांप्रदायिक रंग नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम इस घटना को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। इस मामले में तीन एफआईआर दर्ज की गई हैं। उन्होंने ये भी कहा कि निर्दोष लोगों के खिलाफ एक्शन नहीं लिया जाएगा। पूरी कार्रवाई कानून के दायरे में की जा रही है। हम सभी जरूरी साइंटिफिक एविडेंस इकट्ठा कर रहे हैं। जिन आरोपियों का नाम हमारी जांच में सामने आएगा, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, 8 फरवरी को हल्द्वानी के बनभूलपुर इलाके में अतिक्रमण रोधी अभियान चलाया गया था, जिसके तहत एक अवैध इमारत को गिरा दिया गया था। इसके बाद हजारों लोगों की भीड़ ने पत्थरों, पेट्रोल बम और अवैध हथियारों से पुलिस और निगम की टीम पर हमला कर दिया था। घटना के बाद हिंसा भड़क गई थी, जिसमें 6 लोगों की मौत हुई थी, जबकि पुलिस ने पांच आरोपियों को अरेस्ट किया था।

**लोगों से जांच में सहयोग करने की अपीलः** डीजीपी ने लोगों से पुलिस की जांच में सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हम इलाके के हालात सामान्य करने की कोशिश कर रहे हैं।

**निर्देश** समिति में निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, निदेशक चिकित्सा शिक्षा और चिकित्सा अधिकारी संघ के प्रतिनिधि शामिल होंगे

## 'चिकित्सा अधिकारियों की मांगों और शिकायतों के निवारण के लिए समिति गठित'



**बैठक**

**8 नवीनतम तकनीक और उनके कौशल उन्नयन के लिए चिकित्सकों के लिए विदेशों के एक्सपोजर दौरे भी आयोजित करवाए**

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला /चमन शर्मा**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को विशेष सचिव स्वास्थ्य की अध्यक्षता में चिकित्सा अधिकारियों की शिकायतों और मांगों पर विचार करने के लिए एक समिति गठित करने के निर्देश दिए। इस समिति में निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, निदेशक चिकित्सा शिक्षा और चिकित्सा अधिकारी संघ के प्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह समिति चिकित्सकों की पदोन्नति से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करेगी और चिकित्सा अधिकारियों के कल्याण के लिए दिशा.निर्देशों की सिफारिश करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकट वित्तीय स्थिति के बावजूद प्रदेश सरकार चिकित्सकों की उचित मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर रही है। सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप राज्य की अर्थव्यवस्था अब धीरे-धीरे पटरी पर आ रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य के कर्मचारियों को समय पर सभी आर्थिक लाभ सुनिश्चित किए जाएंगे। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों का आह्वान किया कि राज्य की अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने में वे प्रदेश सरकार को यथासम्भव सहयोग प्रदान करें। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी को पूरा करने के लिए राज्य सरकार नए चिकित्सा अधिकारियों और सहायक स्टाफ की भर्ती कर रही है। इसके अतिरिक्त चिकित्सकों के कार्य को बेहतर बनाने के लिए आठ घंटे की शिफ्ट शुरू करने पर कार्य किया जा रहा है। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नवीनतम तकनीक और उनके कौशल उन्नयन के लिए चिकित्सकों के लिए विदेशों के एक्सपोजर दौरे भी आयोजित करवाए जाएंगे।

# स्वामी दयानन्द सरस्वती के सिद्धान्तों पर चलने का किया गया आह्वान

**200वी जयंती**

**8 महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200वी जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुकुल कांगड़ी विद्यालय विभाग में महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200वी जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महर्षि दयानन्द सरस्वती के सिद्धान्तों पर प्रकाश डालते हुए विभाग के अध्यापकों व ब्रह्मचारियों से उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुकुल के मुख्य अधिष्ठाता डॉक्टर दीनानाथ शर्मा और गुरुकुल कांगड़ी विद्या सभा के उप मंत्री व सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी आदित्यवेश के सानिध्य दक्षिण अफ्रीका से भारत पहुंचे प्रतिनिधि मंडल का स्वागत किया। स्वामी आदित्यवेश ने कहा कि महर्षि दयानन्द के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। महर्षि दयानन्द ने सत्य का पालन किया, जिसके लिए साहस की आवश्यकता होती है। उन्हें जीवन में 17 बार जहर भी पीना पड़ा। ऐसा विश्व में उदाहरण मिलना मुश्किल है। उन्होंने राष्ट्रवाद की अवधारणा को परिभाषित किया स्वामी जी से प्रेरणा लेकर हजारों नौजवान आजादी की लड़ाई में कूद पड़े।
डॉक्टर दीनानाथ शर्मा ने कहा कि महर्षि दयानन्द ने तर्क की कसौटी पर हर चीज को परखा और लोगों के सोचने की दिशा ही बदल डाली। उन्होंने कहा की पंडित नरदेव वेदालंकार इसी गुरुकुल में पढ़े ओर उसके बाद दक्षिण अफ्रीका में वैदिक धर्म का प्रचार किया। आज उस परिवार के सदस्य यहां पहुंचे हैं। उनका स्वागत करना हमारे लिए गर्व की बात है।
आर्य प्रतिनिधि सभा दक्षिण अफ्रीका के कोषाध्यक्ष प्रबोध वेदालंकार ने कहा कि महर्षि दयानन्द ने नारी शिक्षा व वेदों के पठन पाठन पर जोर दिया। आर्य समाज के प्रसिद्ध विद्वान पंडित नरदेव वेदालंकार ने दक्षिण अफ्रीका में आर्य समाज के प्रचार प्रसार तथा नारी शिक्षा, हिन्दी शिक्षा एवं संस्कारों निर्माण अभियान को मजबूती प्रदान की। स्वामी शंकरानंद, भवानी दयाल संन्यासी सहित कई महापुरुषों ने दक्षिण अफ्रीका की धरती पर वैदिक सनातन धर्म के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमदेव शतांशु ने कहा कि आज सारा विश्व स्वामी दयानन्द सरस्वती के सिद्धान्तों को अपनाकर विश्व को शांति के पथ पर ले जाने की दिशा में अग्रसर हो

# केंद्रीय मंत्री गडकरी और मुख्यमंत्री धामी पहुंचे टनकपुर, हुआ स्वागत




**चम्पावत/टीम एक्शन इंडिया**
जिले के सीमांत क्षेत्र टनकपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ मुख्यमंत्री धामी और अजय भट्ट ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।
इसके बाद स्वागत गीत पर कलाकारों ने सांस्कृतिक नृत्य कर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व मुख्यमंत्री धामी का स्वागत किया। केंद्रीय परिवहन मंत्री गडकरी 2200 करोड़ से अधिक लागत की 8 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना का किया जायेगा शिलान्यास करेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### खड़ी बस में लगी आग

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
देहरादून के रायपुर क्षेत्र में एक खड़ी बस में अचानक भीषण आग लग गई। आग किस वजह से लगी यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। गनिमत रही थी हादसे के दौरान कोई भी बस में नहीं था वरना कोई बड़ा हादसा हो सकता था। देखते ही देखते आग की चपेट में पूरी बस आ गई। बस में आग लगते ही लोगों ने पानी की मदद से आग पर काबू पाया।

### बनभूलपुरा हिंसा : पत्रकारों को 51-51 हजार की आर्थिक मदद देंगे स्वामी राम गोविंद दास

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
कुमाऊं की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था हरि शरणम जन के प्रमुख स्वामी रामगोविंद दास भाई जी बनभूलपुरा हिंसा में प्रभावित पत्रकारों की मदद को आगे आए हैं। भाईजी इन दिनों एक माह की धर्म प्रचार यात्रा में ऑस्ट्रेलिया गए हैं।
उन्होंने ऑस्ट्रेलिया से संदेश जारी कर बनभूलपुरा की घटना में प्रभावित प्रत्येक पत्रकार को 51-51 हजार की राशि प्रदान करने की घोषणा की है। साथ ही उन्होंने उपद्रव की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे हल्द्वानी की छवि को नुकसान पहुंचा है। भाई जी ने कहा कि इस मामले में कठोर कार्रवाई के लिए प्रशासन को भी पत्र लिखा है। उन्होंने कहा, जरूरत पड़ने पर वह प्रशासन को भी पूर्ण सहयोग करेंगे।

### गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स का रोड शो उत्तराखण्ड पहुँचा; ब्राण्ड देहरादून में अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेगा

**देहरादून।** गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स, इलेक्ट्रिक 2-व्हीलर्स और 3-व्हीलर्स की इबलु रेंज बनाने वाली कंपनी, ने अपने देशव्यापी रोड शो को जारी रखने की घोषणा की है। यह रोड शो अब देहरादून में कंपनी की डीलरशिप पर पहुँचा है। इस रोड शो में शहर में स्थित केके ऑटोमेशन डीलरशिप में गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक वाहन प्रदर्शित किये जायेंगे। इस रोड शो का आयोजन 12 से 14 फरवरी तक केके ऑटोमेशन डीलरशिप, मोहब्बेवाला, देहरादून 248002 पर हो रहा है। गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के रोड शो में उनके लाइनअप के सबसे नये इलेक्ट्रिक वाहन दिखाए जाते हैं। शौकीन लोगों और संभावित ग्राहकों को कंपनी के अत्याधुनिक उत्पादों का सीधा नजारा मिलता है। रोडशो के दौरान मुख्य रूप से गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के फ्लैगशिप मॉडल्स प्रदर्शित किये जायेंगे, जैसे कि इबलु रोजी (ई-ऑटो एल5एम), इबलु रेइनो (ई-लोडर), इबलु फियो (इलेक्ट्रिक 2-व्हीलर) और इबलु स्पिन तथा इबलु थ्रिल (ई-साइकल रेंज)। यह वाहन पर्यावरण के अनुकूल, ऊर्जा बचाने वाले और टेक्नोलॉजी के मामले में उन्नत समाधान प्रदान करने के लिये ब्राण्ड की प्रतिबद्धता दिखाते हैं। यह शहरी एवं अंतिम मील के परिवहन की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये हैं।

### बीएमडब्ल्यू ने न्यू बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज प्रोटेक्शन पेश की

**देहरादून।** बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने न्यू बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज प्रोटेक्शन पेश की है। यह कार आज से केवल पेट्रोल इंजन के साथ और एक कम्प्लीटली बिल्ट-अप यूनिट के रूप में मिलेगी।
विक्रम पावाहए प्रेसिडेंटए बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा किए ह्व45 वर्षों से अधिक समय से बीएमडब्ल्य ने आर्मर्ड वाहनों की डिजाइन और निर्माण में एक मानदण्ड स्थापित किया है। न्यू बीएमडब्ल्य 7 सीरीज प्रोटेक्शन राइड के आराम और बड़ी जगह के असाधारण स्तर के साथ एक बेमिसाल सुरक्षा अवधारणा का मिश्रण करने में सफल है। इसमें विशिष्ट रूप से उन्नत उपकरण की विशेषताएँ और श्रेणी में सबसे अग्रणी डायनैमिक कुशलता का मिश्रण है जिसके लिए यह ब्रांड मशहूर रहा है। यह एक नई तरह का सुरक्षा वाहन है जो बैलिस्टिक सुरक्षा और व्यक्तिगत जरूरतों के उच्चतम मानदंडों पर खरा उतरता है।

# महिंद्रा ने 10,000 सारथी अभियान छात्रवृत्ति के माध्यम से ट्रक ड्राइवरों की बेटियों को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को रखा जारी

**देहरादून।** महिंद्रा समूह की इकाई महिंद्रा ट्रक एंड बस डिवीजन (एमटीबीडी) ने महिंद्रा सारथी अभियान स्कॉलरशिप के माध्यम से ट्रक ड्राइवरों की बेटियों को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को कायम रखा है। यह अभियान लड़कियों को उच्च शिक्षा के उनके अधिकार का समर्थन करते हुए ट्रक ड्राइवरों के जीवन को बदलने की दिशा में एक छोटा सा योगदान देने की पहल है। जलज गुप्ता, बिजनेस हेड, कमर्शियल व्हीकल्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा की उपस्थिति में नमक्कल, तमिलनाडु में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीधे खातों में ट्रांसफर के माध्यम से छात्रवृत्ति प्रदान की गई। यह प्रयास महिंद्रा ट्रक और बस डिवीजन की ट्रक चालक समुदाय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसे 2014 में महिंद्रा सारथी अभियान के साथ शुरू किया गया था। इस कार्यक्रम के तहत देशभर में 75 से अधिक परिवहन केंद्रों को कवर किया गया और एक बेहतर, पारदर्शी और स्वतंत्र प्रक्रिया अपनाई गई इंडस्ट्री में अपने आप में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की चर्चा करते हुए जलज गुप्ता, बिजनेस हेड, कमर्शियल व्हीकल्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा ने कहा कि हम समुदायों को सशक्त बनाने और स्थायी सामाजिक प्रभाव पैदा करने में सबसे आगे हैं। यह अनूठी पहल देश के दूरदराज के अंदरूनी हिस्सों तक पहुंची, जो सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा देने और युवा लड़कियों को उनकी आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए एक प्लेटफॉर्म के साथ सशक्त बनाने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। महिंद्रा सारथी अभियान ट्रक चालक समुदाय के प्रति आभार जताने और उनकी बेटियों को शिक्षित करने की दिशा में किए गए हमारे प्रयासों को व्यक्त करने का हमारा तरीका है।

# उत्तराखंड में मौसम ने ली करवट, बारिश और बर्फबारी के आसार

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
देहरादून सहित प्रदेश भर में मौसम ने मंगलवार को एक बार फिर करवट ली है। मौसम विभाग ने आज के लिए चोटियों पर हल्के हिमपात बारिश के आसार जताए हैं। आसपास के क्षेत्र में हल्की बारिश हो सकती है, जिससे पारे में गिरावट आने के आसार हैं।
प्रदेश में मौसम शुष्क रहने के साथ ही चटख धूप खिलने से बीते कुछ दिनों से तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही थी। इसके बाद मंगलवार देहरादून सहित अन्य स्थानों पर मौसम का मिजाज बदलने लगा। पहाड़ से लेकर मैदान तक बादल मंडराने लगे हैं।
देहरादून सहित आसपास के इलाकों में सुबह सूर्यदेव निकले,



लेकिन धूप से ठंड का असर देखने को मिला। आसमान में बादलों की आंख-मिचौनी के साथ हल्की हवा ने ठिठुरन बढ़ा दी। राज्य के ऊंचाई वाले जिलों उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़ सहित अन्य स्थानों पर बर्फबारी और बारिश के आसार बने हुए हैं। मौसम विभाग ने एकबार फिर से पूरे प्रदेशभर के लिए पूर्वानुमान जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक 13 फरवरी को एकबार फिर से प्रदेश के पहाड़ी हिस्सों में मौसम करवट बदल सकता है।
मौसम वैज्ञानिक रोहित थपलियाल का कहना है कि 3500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में आज बारिश के साथ बर्फबारी देखने को मिल सकती है। हालांकि मैदानी इलाकों में मौसम सामान्य रहने के आसार है।पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बढ़ने से सतही स्तर पर हवा का रुख बदलने लगा है। उत्तराखंड में फरवरी के दूसरे सप्ताह से तापमान बढ़ने लगा है। चटक धूप खिलने से तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। इसके चलते दिन के साथ अब रात का न्यूनतम तापमान बढ़ने लगा है।

# चोरी की योजना बनाते चार आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
शहर कोतवाली पुलिस ने चोरी की योजना बनाते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से चार कटर बरामद किए हैं।
शहर कोतवाली पुलिस चैंकिग अभियान पर थी। इसी दौरान रेलवे सुरंग के पास पालिका बाजार के ऊपर से चोरी की योजना बनाते हुए चार आरोपितों को धर दबोचा। आरोपितों के पास से चार अदद ब्लैड कटर बरामद हुए। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम व पते सागर पुत्र दीपक निवासी सुरजपुर कालोनी हरिपुर कलां थाना रायवाला देहरादून, सूर्या पुत्र विनोद निवासी रोडीबेलवाला झुग्गी



झोपंडी कोतवाली नगर हरिद्वार, सुमित आर्य पुत्र हरिशचन्द आर्य निवासी पदमपुरी रास्ता थाना भीमताल नैनीताल व द्वारिका पुत्र अमन सिंह निवासी उदौर थाना फलोरा टीकमगढ म.प्र. बताए। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है।

# चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर डॉ. राठी हुए सम्मानित

**चंपावत/टीम एक्शन इंडिया**
लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय में तैनात नेत्र रोग शल्य चिकित्सक डॉक्टर विराज राठी को उनके द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में किए जा रहे हैं उत्कृष्ट कार्यों व जन सेवा के लिए महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण डॉ. विनीता शाह के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।२
डा.राठी द्वारा लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय में दूर दराज क्षेत्र से आने वाले आंखों के मरीजों के जटिल से जटिल ऑपरेशन कर क्षेत्र वासियों को बड़ी राहत दी जा रही है। इस कारण अब क्षेत्र के

# माली की स्वाभाविक मौत को मुद्दा बनाकर गीता भवन को किया जा रहा है बदनामः गौतम



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
गीता भवन के प्रबंधक गौतम कुमार ने जोंक ग्राम पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सहित कुछ लोगों पर गीता भवन के माली की हुई पिछले दिनों मौत को मुद्दा बनाकर गीता भवन को राजनीतिक षड्यंत्र के चलते बदनाम किए जाने का आरोप लगाया है।मंगलवार को गीता भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान गौतम कुमार ने कहा कि विगत दिनों गीता भवन में कार्यरत 63 वर्षीय श्याम सुंदर पासवान माली के पद पर कार्यरत कर्मचारी की स्वाभाविक रूप से सामान्य स्थिति में मौत हो गई थी, जिसकी मौत को पंचायत के पूर्व अध्यक्ष ने अपने साथी पिंकी शर्मा उनके पति मुरली शर्मा, देवेंद्र यादव के साथ मिलकर विगत 2 फरवरी को गीता भवन नंबर 6 में उन्हें बुलाकर मृतक के परिजनों द्वारा नाजायज मुआवजे मांग की गई।
इसके बाद उन्होंने मानवता के आधार पर आर्थिक सहायता राशि दिए जाने का मृतक के परिजनों को आश्वासन दिया गया, लेकिन स्थानीय और असामाजिक तत्वों ने उन्हें भड़काकर मुझ पर जान से मारने की नीयत से जानलेवा हमला ही नहीं किया अपितु उनके साथ मारपीट करने के उपरांत उन्हें 4 घंटे तक अवैधानिक रूप से बंधक भी बनाया गया। उनके द्वारा पुलिस को दी गई सूचना के उपरांत उन्हें पुलिस ने मुक्त कराया। हमले में घायल होने के उपरांत उन्हें अस्पताल में भर्ती भी किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इतना ही नहीं हमलावरों ने उन्हें एससी एसटी के मुकदमे में फंसाने और अन्य मुकदमे लगवा कर जेल भिजवाने की धमकी भी दी। गौतम ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उन्हें यह भी धमकी दी कि उनका पुलिस कुछ भी नहीं बिगाड़ सकती, क्योंकि सभी अधिकारी व पुलिस के कर्मचारी उनकी जेब में रहते हैं।
हमला करने वाले लोगों द्वारा अपना राजनीतिक हित साधते हुए उनके विरुद्ध एससी एसटी में मुकदमादर्ज करवाया गया। उनका आरोप है कि गीता भवन धार्मिक संस्थान है, जो भारत सरकार द्वारा गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित है। इस संस्था को स्थानीय नेताओं एवं सामाजिक तत्व द्वारा लगातार बदनाम किए जाने का षड्यंत्र भी किया जाता रहा है।

# 40 लाख की स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**ड्रग्स फ्री मिशन**

**8 ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत चेकिंग के दौरान पुलिस ने तस्करों को गिरफ्तार किया है।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत चेकिंग के दौरान पुलिस ने स्मैक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 400 ग्राम स्मैक बरामद की है। पकड़ी गई स्मैक की कीमत बाजार में 40 लाख रुपये बतायी गई है।



जनपद के खानपुर पुलिस ने चैकिंग अभियान के दौरान बालावाली चैक पोस्ट खानपुर से दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर दोनों के पास से क्रमशः 140 व 260 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़ी गई स्मैक की कीमत 40 लाख रुपये बतायी गई है। आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि वह बरेली से स्मैक लाकर शहर में युवाओं को नशा सप्लाई करते थे। बरामद स्मैक भी आरोपित कासमपुर पथरी निवासी फिरोज को देने जा रहे थे। आरोपितों ने अपने नाम व पते आजम पुत्र नुरहसन व अशरफ पुत्र मुनफैत निवासीगण ग्राम बुढ्ढाहेड़ी थाना पथरी जिला हरिद्वार बताए हैं। पुलिस ने आजम के पास से 140 ग्राम व अशरफ से 260 ग्राम स्मैक बरामद की। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

# सात दिवसीय खादी राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने मंगलवार को रेस कोर्स स्थित गुरु नानक पब्लिक महिला इण्टर कॉलेज में सात दिवसीय राज्य खादी ग्रामोद्योग की ओर से आयोजित खादी प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।
बतौर मुख्य अतिथि खादी ग्रामोद्योग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि खादी ग्रामोद्योगों से जुड़े कामगारों के आत्मनिर्भर और सशक्त बनने पर ही सशक्त देश की परिकल्पना साकार हो सकती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकास की अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। भारत सरकार आपके द्वार पहुंच



रही है। प्रधानमंत्री भारत को विश्व में मजबूत बनाने के लिए रात दिन मेहनत कर रहे हैं। तीन हजार संस्थाएं में पांच लाख लोगों को रोजगार मिल रहा है। इनमें से 04 लाख महिलाएं काम कर रही हैं। मातृशक्ति को अगले वित्तीय वर्ष में सिलाई भी दी जाएगी। घर बैठे मातृशक्ति को रोजगार देने के लिए सरकार काम कर रही है। सनातन के अच्छे दिन आ रहे हैं। भारत विकास की नई गाथा लिख रहा है। उन्होंने कहा कि खादी कि गुणवत्ता और ब्रांडिंग के साथ मार्केटिंग पर काम किया जा रहा है। आज से नौ साल पहले मात्र 32 हजार बिक्री होता था आज 2024 में 1 लाख 35 हजार करोड़ बिक्री का आंकड़ा पार कर गया है। पहले और अब में यह अंतर है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकार बंगले से चलती थी। अब लोगों के घर तक सुविधाएं पहुंचाई जा रही है। यह है आत्मनिर्भर भारत। प्रधानमंत्री के सपनों को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी साकार करने का काम कर रहे हैं। राज्य में यूसीसी विधेयक को लाकर इतिहास रचने का काम किया गया है। देहरादून के साथ- साथ दूर दराज के गांवों को खादी ग्रामोद्योग का लाभ पहुंचाया जा रहा है।इस मौके पर विशिष्ट अतिथि राजपुर विधायक खजान दास ने कहा कि मोदी सरकार जो कहती उसे करती है। उत्तराखंड सरकार ने समान नागरिक संहिता को विधानसभा से पारित कर मातृशक्ति के उत्थान के काम किया है। आज देश में साहसिक निर्णय लिये जा रहे हैं। इस दौरान सांस्कृतिक दल की ओर से एक से बढ़कर एक राज्य के लोकनृत्य जुड़ी प्रस्तुति दी गई।प्रदर्शनी में खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), उत्तराखण्ड खादी ग्रामोद्योग बोर्ड (यूकेवीआईबी) एवं) एवं जिला उद्योग केन्द्र (डीआईसी) द्वारा स्टॉल लगाए गए हैं। उक्त प्रदर्शनी का आज से लेकर 19 फरवरी तक चलेगा।

# पुलिस ने दबोचे दो वाहन चोर, दो स्कूटी और बाइक बरामद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
सिडकुल पुलिस ने दो वाहन चोरों को उस समय गिरफ्तार किया, जब वे चोरी की स्कूटी को बेचने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर चोरी की दो स्कूटी व एक बाइक बरामद की है।सिडकुल पुलिस आईएमसी चौक के पास चैकिंग अभियान पर थी। इसी दौरान दो स्कूटी सवार युवकों को पुलिस ने शक होने पर रोका। पूछताछ में स्कूटी चोरी की निकली। आरोपित स्कूटी को बेचने के लिए जा रहे थे।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 291-DRM-MB-23-24 dt. 12.02.2024 |
|---|---|
| Name of work | Yard Remodeling work in Connection with Common user traffic facilities for GCT to be developed entirely on Railway land at DLP under ADEN/HQ/MB. |
| Tender Closing Date / Time | 07.03.2024 16:00 |
| Advertised Value (Rs.) | Rs. 1,35,12,447.19 |
| Earnest Money (Rs.) | Rs. 2,17,600.00 |
| Bidding Start Date | 22.02.2024 |
| Period of Completion | 04 Months |

सं.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 12.02.2024 475/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# केंद्रीय परिवहन मंत्री गडकरी ने उत्तराखंड के कुमाऊं को दी 2200 करोड़ की सौगात

**टनकपुर (चंपावत)/टीम एक्शन इंडिया**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राज्यमार्ग मंत्री नितिन गडकरी मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड के चंपावत जिले के सीमांत क्षेत्र टनकपुर नगर पहुंचे। उन्होंने गांधी मैदान में आयोजित जनसभा में सीमांत क्षेत्र के लिए कई करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं सांसद अजय भट्ट एवं अजय टम्टा भी उपस्थित रहे। स्थानीय जनता और भाजपा कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का स्वागत किया।



इस दौरान मुख्यमंत्री धामी और स्थानीय सांसदों ने नितिन गडकरी को उत्तराखंड की संस्कृति से जुड़े प्रतीक चिन्ह भेंट स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान केंद्रीय परिवहन मंत्री गडकरी ने डिजिटल माध्यम से कुमाऊं मंडल में 2200 करोड़ से अधिक की लागत की सात योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उन्होंने जन समूह से देवभूमि उत्तराखंड में मार्गों के विकास हेतु निकट भविष्य में 2 लाख करोड़ से ज्यादा की योजनाओं के विकास के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने उत्तराखंड सरकार की भारतमाला सांखला योजना मानसखंड मंदिर परियोजना एवं चार धाम को लेकर तैयार की जा रही भविष्य की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि ऐसी ही परियोजनाओं के फलस्वरूप ही उत्तराखंड वासी जल्द ही 2 घंटे में देहरादून से दिल्ली का सफर पूरा कर सकेंगे। सीमांत क्षेत्र में किए जाने वाले सामरिक एवं अति आवश्यक मार्गों के चौड़ीकरण एवं विस्तार के लिए किया जा रहे कार्य के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने के बाद से देवभूमि उत्तराखंड में अब तक कुल 3608 किलोमीटर नए मार्गों का निर्माण किया जा चुका है।

चंपावत के सीमांत टनकपुर क्षेत्र से नेपाल के कंचनपुर तक कुल 314 करोड़ की लागत से 4 किलोमीटर के फोरलेन हाइवे का निर्माण सितंबर 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा।

इसके उपरांत ड्राई पोर्ट का निर्माण होने से नेपाल के साथ होने वाले व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, जिसके कारण स्थानीय जनता को भी रोजगार प्राप्त होगा।

## मुख्य सचिव ने राज्यपाल से की भेंट



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से मंगलवार को राजभवन में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने मुख्य सचिव से प्रदेश की विभिन्न समसामयिक विषयों और विकास योजनाओं की जानकारी ली।

## श्यामपुर फाटक पर जाम से निजात को बनेगा आरओबी और आरयूबी

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**

योग नगरी क्षेत्र के श्यामपुर फाटक में आरओबी और आरयूबी बनाने के तीन माह के अंदर टेंडर निकालकर कार्य करने की घोषणा अलावा भानियावाला से ऋषिकेश मार्ग का चार लेन का चौड़ीकरण करने और नेपाली फार्म से ढालवाला तक हाइवे डबल लेन किया जाएगा। इसके लिए क्षेत्रीय विधायक और कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार प्रकट किया है।

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल सहित सांसद हरिद्वार डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के अनुरोध पर श्यामपुर में आरओबी और आरयूबी का काम अगले तीन माह में शुरू हो जाएगा।

# 80 छात्रों का दल दून यूनिवर्सिटी के लिए किया रवाना

**जानकारी**

**8 -कार्यशाला में छात्रों को केमिस्ट्री की व्यावहारिक व सैद्धांतिक जानकारी दी जायेगी**

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**

अन्तरराष्ट्रीय संस्थान कैम्ब्रिज की रायल सोसायटी आफ केमिस्ट्री के तत्वावधान में यूसुफ हामिद प्रेरणादायक विज्ञान की दून विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली तीन दिवसीय कार्यशाला में टिहरी विधानसभा के 80 छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे।

कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले सभी 80 छात्रों को मंगलवार को टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय, डीएम मयूर दीक्षित और भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने संयुक्त रूप दून विश्वविद्यालय के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



युसूफ हामिद केमिस्ट्री कैंप का आयोजन 14 से 16 फरवरी, 2024 तक दून यूनिवर्सिटी में होना है। इसमें युनाइटेड किंगडम कैम्ब्रिज की रॉयल सोसायटी आफ केमिस्ट्री छात्रों को विभिन्न अहम जानकारियां देंगी। इसमें टिहरी विधानसभा के 80 छात्र-छात्राएं शामिल होंगी। उन्हें आज दून के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। विधायक उपाध्याय ने कहा कि केमिस्ट्री की इस कार्यशाला में छात्रों को अन्तरराष्ट्रीय स्तर की जानकारियां मिलेंगी,जिससे एक दिशा भी मिलेगी।

उन्हें छात्रों के कार्यशाला में प्रतिभाग के लिए शुभकामनाएं दी। डीएम दीक्षित ने कहा कि कार्यशाला छात्रों के अहम होगी और छात्रों को मोटिवेट करने का काम करेगी।

इस मौके सीईओ एसपी सेमवाल, डीईओ बेसिक वीके ढौंडियाल, जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश नौटियाल, सभासद विजय कठैत, बीईओ एनके हल्दियानी, सुनील असवाल, राकेश बहुगुणा, सुरेंद्र शाह, सुरेश रतूड़ी, स्वेता रौतेला, सीमा असवाल आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### महिंद्रा ने 10,000 सारथी अभियान छात्रवृत्ति के माध्यम से ट्रक ड्राइवरों की बेटियों को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को रखा जारी

**देहरादून।** महिंद्रा समूह की इकाई महिंद्रा ट्रक एंड बस डिवीजन (एमटीबीडी) ने महिंद्रा सारथी अभियान स्कॉलरशिप के माध्यम से ट्रक ड्राइवरों की बेटियों को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को कायम रखा है। यह अभियान लड़कियों को उच्च शिक्षा के उनके अधिकार का समर्थन करते हुए ट्रक ड्राइवरों के जीवन को बदलने की दिशा में एक छोटा सा योगदान देने की पहल है। जलज गुप्ता, बिजनेस हेड, कमर्शियल व्हीकल्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा की उपस्थिति में नमक्कल, तमिलनाडु में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीधे खातों में ट्रांसफर के माध्यम से छात्रवृत्ति प्रदान की गई। यह प्रयास महिंद्रा ट्रक और बस डिवीजन की ट्रक चालक समुदाय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसे 2014 में महिंद्रा सारथी अभियान के साथ शुरू किया गया था। इस कार्यक्रम के तहत देशभर में 75 से अधिक परिवहन केंद्रों को कवर किया गया और एक बेहतर, पारदर्शी और स्वतंत्र प्रक्रिया अपनाई गई।

### कलर्स अपने नए शोज के साथ देहरादून में प्यार की मशाल लेकर आया

**देहरादून।** क बार फिर से प्यार की दुनिया में खो जाइए क्योंकि भारत के अग्रणी एचजीईसी कलर्स ने रात 9:30 बजे से 11:00 बजे तक अपने प्राइम-टाइम स्लॉट को दिल जीत लेने वाली तीन प्रेम कहानियां प्रसारित करके एक रोमांटिक महोत्सव में बदल दिया है, जिनसे दर्शकों के दिल रोमांचित हो उठते हैं। तीन अलग-अलग प्रेम कहानियों से दर्शकों का नॉन-स्टॉप मनोरंजन करने के वादे के साथ, पहली प्रेम कहानी ह्यमेरा बलम थानेदारह्व है, जो दो विपरीत व्यक्तियों के बीच रोमांस का उतार-चढ़ाव भरा सफर है, और राजस्थान में नाबालिग विवाह की पृष्ठभूमि पर आधारित है जिसमें शगुन पांडे (वीर) व श्रुति चौधरी (बुलबुल) मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके बाद भारतीय इतिहास के पन्नों को फिर से लिखने वाली भव्य प्रेम कहानी प्रचंड अशोक है जिसमें अदनान खान (सम्राट अशोक) और मल्लिका सिंह (राजकुमारी कौर्वकी) मुख्य भूमिका में हैं। तीसरा शो ह्यकयामत से कयामत तकह्व है, जो पुनर्जन्म पर आधारित एक सच्ची कहानी है जिसमें करम राजपाल (राज) और तृप्ति मिश्रा (पूर्णिमा) मुख्य भूमिका में हैं। शाश्वत प्रेम का उत्सव मनाते हुए, कलर्स ने एक मशाल जलाई है, जिसके साथ यह प्यार की मशाल के अपने अभियान को आगे बढ़ाते हुए देहरादून पहुंचा है, जहां यह लौ एक विजुअल प्रदर्शन के साथ दर्शकों के दिलों में प्यार की मशाल जलाएगी।

### भारत ज्ञान समागम : शिक्षा के नये आयाम पर हुआ मंथन

**देहरादून।** कोर यूनिवर्सिटी रूड़की में भारत ज्ञान समागम का आयोजन हुआ। यह समागम शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें देश भर के 22 राज्यों के 50 से अधिक कुलपतियों और 500 से अधिक विद्यालयों के प्राचार्यों ने भाग लिया। उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के साथ ही प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत और मोटिवेशनल स्पीकर एवं लेखक शिव खेड़ा ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में शिक्षा के नये आयामों पर मंथन हुआ, जिसमें विशेषज्ञों ने नई शिक्षा नीति में मल्टीडिसिप्लिनरी रेगुलेशन, इनोवेशन, टेक्नोलॉजी और एंटरप्रेन्योरशिप को शिक्षा में शामिल करने पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। समागम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड और एक्सेम्पलेरी अवार्ड से सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक डॉक्टर गेसू ठाकुर ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में विचारों का आदान-प्रदान करना और शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए नई रणनीतियां विकसित करना है। वहीं इस मौके पर उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने शिक्षा में नवाचार यानी इनोवेशन और उद्यमिता अर्थात एंटरप्रोन्योरशिप को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इधर, पैनल चर्चा के दौरान विशेषज्ञों ने भारतीय विश्वविद्यालयों के लिए दृष्टिकोण पर चर्चा की और भविष्य में करियर को लेकर पनपने वाली नई संभावनाओं के लिए आवश्यक कौशल पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही शिक्षा में प्रौद्योगिकी के प्रभावों के अलावा सस्टेनेबल फ्यूचर जैसे विषयों पर भी विचार मंथन हुआ जिसमें 'आर्टिफीशियल इन्टैलिजेंस के साथ इनोवेशन' के अलावा 'शैक्षणिक पाठ्यक्रम में बदलाव, अनुसंधान फोकस और सहयोगात्मक भागीदारी' जैसे मुद्दे केंद्र में रहे।

## महर्षि दयानंदजी की 200वीं जयंती पूरे देश के लिए एक ऐतिहासिक अवसरः राष्ट्रपति

**देहरादून।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, ने महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती - ज्ञान ज्योति पर्व - स्मरणोत्सव के उत्सव में भाग लिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रतजी एवं मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्रभाई पटेल के साथ समारोह स्थल करसनजी के प्रांगण में बने यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवनकुंड में आहुतियां दीं और सभी प्राणियों के कल्याण की कामना की। इस मंगल अवसर पर कन्या गुरुकुल, वाराणसी की शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने वैदिक मंत्रोच्चार किया। यज्ञ में आहुतियां देने के बाद अध्यक्ष श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने महर्षि दयानंद सरस्वतीजी के जीवन दर्शन को प्रदर्शित करने वाले प्रदर्शनी हॉल का अवलोकन किया और महर्षि के विचारों और सामाजिक उत्थान के कार्यों से परिचित हुईं। राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत जी ने राष्ट्रपति श्री द्रौपदी मुर्मू एवं मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्रभाई पटेल को इस प्रदर्शनी हॉल की जानकारी दी। माननीय राष्ट्रपति जी ने महर्षि दयानंद सरस्वतीजी की 200वीं जयंती-स्मरणोत्सव कार्यक्रम में स्वामी जी की स्मृति में 15 एकड़ में बनने वाले बनने वाले ज्ञान ज्योति तीर्थ की आधारशिला रखी।राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत जी ने टंकारा में ज्ञान ज्योति तीर्थ की प्रतिकृति के माध्यम से इस तीर्थ में बनने वाले अनुसंधान केंद्र, विद्यालय, पुस्तकालय, दर्शनीय परिसर आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

तीन दिवसीय स्मरणोत्सव के समापन पर बोलते हुए भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि महर्षि दयानंदजी की 200वीं जयंती पूरे देश के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। हमारी भारत भूमि एक धन्य भूमि है, जिसने महर्षि दयानंद सरस्वती जैसी अद्भुत प्रतिभाओं को जन्म दिया है। आध्यात्मिक रोगविज्ञानी श्री अरबिंदो ने महर्षि दयानंद के बारे में कहा, वे मनुष्यों और संस्थाओं के आदर्श थे। आज आर्य समाज के लगभग 10 हजार केन्द्र मानवता के विकास एवं कल्याण हेतु कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि लोकमान्य तिलक, लाला हंसराज, लाला लाजपतराय जैसे महान क्रांतिकारियों का स्वामी जी के आदर्शों पर गहरा प्रभाव था। स्वामीजी और उनके असाधारण अनुयायियों ने देश के लोगों में एक नई चेतना का विश्वास जगाया। राष्ट्रपति ने काठियावाड़ की धरती की विशेषताओं का जिक्र करते हुए कहा कि महर्षि दयानंद के बाद की पीढ़ियों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म हुआ. स्वामी जी ने समाज सुधार का बीड़ा उठाया और 'सत्यार्थ प्रकाश' नामक अमर ग्रन्थ की रचना की। इसलिए महात्मा गांधी जी ने जन-जन को जोड़कर भारतीय राजनीति को आध्यात्मिक आधार दिया और 'सत्य के प्रयोग' का सृजन किया। ये दोनों ग्रंथ न केवल देशवासियों बल्कि मानवता का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

## एचडीएफसी बैंक उत्तर भारत में मेगा टू व्हीलर लोन मेला आयोजित करेगा

देहरादून। भारत का अग्रणी निजी क्षेत्र का बैंक एचडीएफसी बैंक 15 और 16 फरवरी 2024 को पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख में अपनी शाखाओं में मेगा टू व्हीलर लोन मेला आयोजित करेगा। इन राज्यों में 800 शाखाएं प्रमुख दोपहिया ब्रांडों और क्षेत्रीय डीलरशिप के साथ साझेदारी में बड़े पैमाने पर ऋण अभियान में भाग लेगी, जो ग्राहकों को वाहन दिखाने के लिए शाखाओं में मौजूद रहेंगे। पात्र ग्राहकों के लिए, बैंक ऑन-द-स्पॉट ऋण मंजूरी प्रदान करेगा। एचडीएफसी बैंक अपने ग्राहकों को सस्ती ब्याज दरों पर ढेर सारे ऋण प्रदान करता है।

# कल्किधाम मंदिर के शिलान्यास में उत्तराखंड से जाएंगे सभी अखाड़ों के संत

**देहरादून।** आगामी 19 फरवरी को उत्तर प्रदेश के सम्भल जनपद के एचैडा कम्बोह में श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम के अथक प्रयास से श्री भगवान कल्किधाम के विराट मंदिर के लिए शिलान्यास व भूमि पूजन होने जा रहा है। श्री भगवान कल्किधाम का भूमि पूजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योग आदित्य नाथ, श्री आनंद धाम पीठाधीश्वर सदगुरू ऋतेश्वर महाराज, उत्तराखण्ड के सभी अखाड़ों के संतों सहित देश भर के संतों की उपस्थिति में किया जाएगा।अयोध्या में भगवान के भव्य मंदिर की प्रणा प्रतिष्ठा हो चुकी है। देश और दुनिया से राम भक्त दर्शन के लिए अयोध्या में आ रहे हैं लोगों में उत्साह व उमंग है। इसी क्रम में कलयुग के चरमोत्कर्ष काल में भगवान विष्णु के दशम अवतार भगवान कल्कि के रूप के अवतरित होने के प्रमाण पुराणें में वर्णित है। श्री भगवान कल्किधाम के विराट दिव्य मंदिर का शिलान्यास व भूमि पूजन आचार्य प्रमोद कृष्णम श्री कल्किधाम पीठाधीश्वर के अथक प्रयास से उत्तर प्रदेश के सम्भल जनपद के एचैडा कम्बोह होने जा रहा है। आचार्य प्रमोद कृष्णम श्री कल्किधाम पीठाधीश्वर ने व्यक्तिगत तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को व्यक्तिगत तौर पर मिलकर श्री भगवान कल्कि के भव्यधाम के विराट मंदिर के शिलान्यास व भूमि पूजन के लिए न्यौता दिया है जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह स्वीकार लिया है। आगामी 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योग आदित्य नाथ, श्री आनंद धाम पीठाधीश्वर सदगुरू ऋतेश्वर महाराज सहित हरिद्वार के संतों सहित देश भर के संतों की उपस्थिति में श्री भगवान कल्किधाम के विराट मंदिर का शिलान्यास व भूमि पूजन किया जाएगा।

# जो जमी से आसमां तक रमा हुआ है वही राम हैः अब्दुल गफ्फार

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**

संत निरंकारी मिशन ऋषिकेश द्वारा हरिद्वार रोड सिटी गेट आईडीपीएल गुरु रविदास मंदिर में विशाल संत समागम का आयोजन किया गया, जिसमें दिल्ली से आए ज्ञान प्रचारक महात्मा पंडित अब्दुल गफ्फार खान ने कहा की जो जमी से आसमां तक रमा हुआ है, वही राम है। जो घटता नहीं, बढ़ता नहीं, जिसमें कोई परिवर्तन नहीं होता जो हर घट में रमा हुआ है इसलिए इसका नाम राम है। जिसको देखा नहीं उसकी भक्ति किस प्रकार की जा सकती है।



ऐसे राम को सद्गुरु के द्वारा जानकर भक्ति का प्रारंभ होता है। किसी विशेष पूजा पाठ पढ़ाई के द्वारा परमात्मा को प्राप्त नहीं किया जा सकता। परमात्मा हर समय हर जगह विराजमान है और इसकी जानकारी सद्गुरु के द्वारा की जा सकती है। इसको जानने के बाद इंसान का जन्म मरण का चक्कर समाप्त हो जाता है।

आज इंसान जाति पाति के भ्रम के कारण एक दूसरे का विरोध करते हैं जब ईश्वर की जानकारी हो जाती है तो यह सारे भ्रम दूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा की हीन भावनाओं को दूषित मानकर त्यागने वाला ही हिंदू है, जो अल्लाह के हुकुम की तामिल करता है वही मुस्लिम है, और जो गुरु से सीखने की भावना रखता है वही सिख है। जिस प्रकार परमात्मा की कोई जाति नहीं होती इस प्रकार इंसान की भी कोई जाति नहीं है एक ही पहचान है (मनूर भव) मनुष्य बनो।

उन्होंने कहा कि गीता में भगवान कृष्ण ने कहा है कि मैं योग माया के द्वारा छिपा होता हूं और जहां मेरे भक्त मेरी चर्चा करते हैं मैं वहां मौजूद होता हूं। मैं अजन्मा हूं, नित्य हूं, पुरातन हूं, सनातन हूं, मूल रूप से निराकार हूं। उन्होंने कहा कि मिशन प्यार प्रेम मिलन का संदेश निरंतर दे रहा है। इस मन की स्मृतियों को परमात्मा से जोड़ दो मनुष्य बन जाओ।

# स्वयं सेवी संस्था 'आरोही' को मिला 'राष्ट्रीय अस्तित्व सम्मान'

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**

पीएचडी चैंबर ऑफ फैमिली वेल्फेयर फाउंडेशन ने महिला सशक्तिकरण एवं सीमान्त समुदाय को धरातल पर बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिये नैनीताल जनपद की स्वयं सेवी संस्था आरोही को दिल्ली के पीएचडी हाउस में ह्यराष्ट्रीय अस्तित्व सम्मानह्व से सम्मानित किया है।

संस्था के 9वें राष्ट्रीय अस्तित्व सम्मान समारोह में दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायाधीश रेखा पल्ली एवं पीएचडी चैंबर ऑफ फैमिली वेल्फेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष अनुराधा गोयल की उपस्थिति में आरोही संस्था के अध्यक्ष-डॉ. (कर्नल) सीएस पंत, अधिशासी निदेशक डॉ.पंकज तिवारी एवं स्वाति पंत, निधि व्यास, चन्द्रकला बिष्ट व चित्रा मेहरा ने संयुक्त रुप से सम्मान-प्रतीक चिह्न प्राप्त किया।



इस अवसर पर आरोही के अध्यक्ष डॉ. पंत ने बताया कि यह सम्मान गहन चयन प्रक्रिया के आधार पर किया गया है। चयन समिति में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय की पूर्व सचिव शशी उबन त्रिपाठी, सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी सुनीता त्रिवेदी, आईएएस अधिकारी डॉ. रश्मि सिंह व वरिष्ठ अधिवक्ता प्रिया हिगोंरानी सहित 8 सदस्य थे। संस्था के अधिशासी निदेशक, डॉ. पंकज तिवारी ने बताया कि आरोही संस्था विगत 30 वर्षों से कुमांऊ मंडल के दूरस्थ क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन एवं जैव विविधता संरक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से लगभग 500 गाँवों की 2 लाख आबादी को सरकार एवं जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर विकास के विभिन्न पहलुओं पर कार्य करते हुये लाभ प्रदान कर रही है।

## एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने फाइनेंशियल ईयर 24 की तीसरी तिमाही के लिए शानदार आय की घोषणा की

**देहरादून। एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड** (बीएसईः 543929, एनएसईः एचएमए एग्रो), फूड और एग्रो प्रोडक्ट्स में एक लीडर, ने 08 फरवरी, 2024 को आयोजित अपनी बोर्ड मीटिंग में 31 दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही और नौ महीने के लिए कंपनी के अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों को मंजूरी दे दी है। 31 दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही के लिए, ऑपरेशनल रेवेन्यू 12517.23 मिलियन रुपये रहा, जिसमें सालाना आधार पर 63 प्रतिशत और तिमाही दर तिमाही 4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। एबिटा 759.50 मिलियन रुपये पर रिपोर्ट किया गया था, जो सालाना आधार पर 84 प्रतिशत और साल दर साल 173 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। शुद्ध लाभ (पीएटी) 491.01 मिलियन रुपये पर रहा, जो सालाना 75 प्रतिशत और तिमाही दर तिमाही 772 प्रतिशत बढ़ रहा है। फाइनेंशियल ईयर 24 की तीसरी तिमाही और नौ महीनों के परफॉर्मेंस पर टिप्पणी करते हुए, गुलजेब अहमद, चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर - एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज ने कहा कि मजबूत भारतीय अर्थव्यवस्था की पृष्ठभूमि के बीच हमने एक असाधारण तिमाही देखी। 12,517.23 मिलियन रुपये का उच्चतम तिमाही रेवेन्यू हासिल करना हमारे लचीलेपन और रणनीतिक दूरदर्शिता का प्रमाण है। रेवेन्यू और पीएटी मेट्रिक्स दोनों में फाइनेंशियल ईयर 23 के आंकड़ों को पार करना 5एक्स विजन की दिशा में हमारी प्रगति को दशार्ता है। मैनेजमेंट ने डोमेस्टिक और एक्सपोर्ट मार्केट्स में सुधार देखा है जो घरेलू और निर्यात बाजारों से लक्षित बिक्री राजस्व प्राप्त करने में मदद करता है। मैनेजमेंट अधिक वैल्यू-एडेड प्रोडक्ट्स, निर्यात में वृद्धि और चावल और मछली जैसे विभिन्न क्षेत्रों में विविधीकरण पर ध्यान केंद्रित करने के कारण वर्ष की तीसरी तिमाही में एबिटा मार्जिन में वृद्धि जारी रखने को लेकर आश्वस्त है।

इससे पहले, कंपनी ने 1:10 के अनुपात में स्टॉक विभाजन किया था, यानी 10/- रुपये के अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर का सब-डिवीजन /विभाजन, पूरी तरह भुगतान किये गये 10 इक्विटी शेयर्स, जिनका अंकित मूल्य प्रति 1/- रुपये पूर्ण भुगतान किया गया। उक्त विभाजन की रिकॉर्ड तिथि 29 दिसंबर, 2023 थी।

## संपादकीय

# कतर से भारतीय नौसैनिकों की रिहाई

**कतर की** जेल में बंद भारतीय नौसैनिकों की 18 महीने बाद जेल से रिहाई की सोमवार को जैसे ही खबर आई तो सारा देश ही झूम उठा। कुछ समय पहले इन अधिकारियों की मौत की सजा को अलग-अलग अवधि की जेल की सजा में बदल दिया गया था। तब देश को कम से कम यह संतोष तो था कि चलो हमारे नागरिकों की जान तो बच गई, पर देश यह भी प्रार्थना कर रहा था कि कतर की जेल में बंद भारतीय नागरिक रिहा होकर सकुशल देश वापस आ जाएं। बेशक, इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की विदेश नीति की बड़ी सफलता ही माना जाएगा कि कतर से फांसी की सजा घोषित हुए नागरिकों की रिहाई हो गई। वे सभी सकुशल और ससम्मान जनक तरीके से भारत की धरती पर वापस लौट आए। इस तरह से भारत की कुशल विदेश नीति को सारे संसार ने देखा और दांतों तले उंगलियाँ दबाकर आश्चर्य से देखते ही रह गये । अमूमन अरब देशों के शेख सामान्य तौर पर जासूसी के आरोप में सजा प्राप्त लोगों की सजा माफ नहीं करता क केन्द्र में मोदी सरकार के 2014 में गठन के बाद से भारत के अरब देशों के साथ संबंध लगातार सुधर रहे हैं। उसी के सार्थक परिणाम को भारतीय नौसैनिकों की रिहाई और घरवापसी के रूप में देखा जाना चाहिए। अब अबू धाबी में सनातन संस्कृति का भव्य मंदिर भी दुनिया देखेगी। 'अगर मोदी जी नहीं होते तो हम हिंदुस्तान की सरजमीं पर आज नहीं खड़े हो पाते'। अपनी रिहाई से खुश एक नौसैनिक ने भारत आने पर भारत मां की जय बोलते हुए कहा कि यदि नरेन्द्र मोदी ने खुद हस्तक्षेप नहीं किया होता तो आज हमारी रिहाई संभव नहीं थी। यह बड़ी उपलब्धि भारत के शक्तिशाली नेतृत्व का प्रभाव प्रमाण है। यह कूटनीतिक जीत 140 करोड़ देशवासियों की जीत है। आज प्रधानमंत्री मोदी की सफल विदेश नीति का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। देश किस तेजी से बदल रहा है, यह जानने को लिए जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की पूर्व छात्र नेता शेहला रशीद के उस बयान को देखना होगा। वो एक दौर में देश विरोधी शक्तियों के साथ जुड़ी हुई थीं। उन्होंने भी नौसैनिकों की रिहाई के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मौत की सजा से घर वापसी तकः यह भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत है और इस तथ्य का प्रमाण है कि हमारी विदेश नीति प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सक्षम हाथों में है। प्रधानमंत्री मोदी और विदेशमंत्री डॉ. जयशंकर ने फिर असंभव को संभव कर दिखाया है। शांत रहें और विश्वास रखें। कतर से लौटे पूर्व नौसैनिकों के परिवार को बधाई। तो आप समझ गए होंगे कि किस तरह से देश बदल रहा है।

दरअसल, कतर के दोहा के अल दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज के साथ काम करने वाले भारतीय नौसेना के इन पूर्व जवानों को पिछले साल 28 दिसंबर को कतर की अपील अदालत ने राहत दी थी। अदालत ने तब अक्टूबर 2023 में इन्हें दी मौत की सजा को कम करते हुए 3 साल से लेकर 25 साल तक की अलग-अलग अवधि के लिए जेल की सजा सुनाई थी। कतर की जेल में बंद भारतीयों की रिहाई से साफ है कि अब जहां पर भी भारतवंशी या भारतीय संकट में होते हैं तो भारत सरकार हाथ पर हाथ धर कर नहीं बैठती। रूस-यूक्रेन जंग के कारण हजारों भारतीय मेडिकल स्टुडेंट यूक्रेन में फंस गए थे।

# मौत के मुंह से वापस, बड़ी कूटनीतिक जीत

**राजेश माहेश्वरी**

> खासकर राजस्थान, केरल और कर्नाटक से वहां बहुत लोग जाते हैं। अगर हम बारीकी से देखें तो पाएंगे कि यह कूटनीतिक सफलता भारत के लिए आदत बनती जा रही है। कतर के अलावा अफगानिस्तान से भी भारत ने बड़ी कूटनीति और चालाकी से अपने नागरिकों को निकाला। कीव और मारियोपोल में भी भारतीय नागरिकों को बड़ी चतुराई से भारत ने निकाला। मारियोपोल में पुतिन ने भारतीय विद्यार्थियों को सेफ पैसेज दिया और पोलैंड, लाटविया और लिथुआनिया में हमारे पांच केंद्रीय मंत्री इंतजार कर रहे थे और यूक्रेन-संकट के दौरान भी वे निकाल कर लाए। यह भारत और प्रधानमंत्री की कूटनीतिक चालाकी है। इसमें यह भी एक मुद्दा गौर करने का है कि हमारा पड़ोसी पाकिस्तान इस षडयंत्र में शामिल था, ऐसी भी आशंका जताई गयी है, क्योंकि पाकिस्तान भी कतर में काफी निवेश करता है

**कतर में** मौत की सजा से रिहाई पाने वाले पूर्व भारतीय नौसैनिक भारत लौट आए। पूर्व सैनिकों की रिहाई को भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत माना जा रहा है। कतर में मौत की सजा पाने वाले इन आठ भारतीयों को दोहा की एक अदालत ने रिहा कर दिया था। इन भारतीयों की रिहाई में भारतीय विदेश मंत्रालय ने अहम भूमिका निभाई थी और मौत की सजा को जेल की सजा में परिवर्तित करवाया था। दरअसल, ये सभी सैनिक दोहा स्थित अल दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज के साथ काम करते थे। ये कंपनी सशस्त्र बलों और सुरक्षा एजेंसियों को प्रशिक्षण और अन्य सेवाएं प्रदान करती है। पिछले साल 28 दिसंबर को कतर की एक अदालत ने इन्हें जासूसी के आरोप में मौत की सजा सुना दी थी। इसके बाद भारत सरकार एक्टिव मोड में आ गई और इन्हें राजनयिक तौर पर सहायता दी गई। भारत की अपील के बाद मौत की सजा को तीन साल से लेकर 25 साल तक की जेल की सजा सुनाई गई। भारत की पैरवी और पीएम मोदी के हस्तक्षेप के बाद इन सभी भारतीयों को रिहा कर दिया गया। रिहा हुए पूर्व सैनिकों में कैप्टन नवतेज गिल और सौरभ वशिष्ठ, कमांडर पूर्णेंदु तिवारी, अमित नागपाल, एसके गुप्ता, बीके वर्मा और सुगुनाकर पकाला और नाविक रागेश शामिल हैं। कैप्टन नवतेज गिल को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राष्ट्रपति के स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया था। उन्होंने नौसेना अकादमी से स्नातक की उपाधि प्राप्त की और बाद में तमिलनाडु के वेलिंगटन में डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज में प्रशिक्षक के रूप में कार्य किया। इन सभी आठों पूर्व भारतीय नौसैनिकों को बीते साल अगस्त में गिरफ्तार किया गया था। इन पर कतर की जासूसी करने का आरोप लगाया गया था। एक रिपोर्ट के अनुसार, इन भारतीयों पर इजरायल के लिए कतर के सबमरीन प्रोजेक्ट से जुड़ी जानकारी जुटाने का आरोप था। भारत ने पहले कतर की छोटी अदालत द्वारा दी गई मौत की सजा पर चिंता व्यक्त की थी और इसे गलत बताया था। सरकार ने सभी अधिकारियों की मदद के लिए कानूनी विकल्पों पर विचार करने का वादा किया था। इसके बाद भारत ने मौत की सजा के खिलाफ कतर की अपील अदालत का रुख किया। 28 दिसंबर को कतर की अपील अदालत ने मौत की सजा को कम कर दिया और उन्हें जेल की सजा सुनाई। इस बीच नौसेना के पूर्व अधिकारियों के



चिंतित परिजनों ने उनकी रिहाई और उनकी सुरक्षित वतन वापसी की गुहार लगाई। जिसके बाद विदेश मंत्रालय ने आश्वासन दिया था कि वह सभी राजनयिक चौनलों को जुटाएगा और उन्हें वापस लाने के लिए कानूनी सहायता की व्यवस्था करेगा। कतर अदालत के फैसले को भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत भी माना जा रहा है। ऐसा इसलिए, क्योंकि यह दुबई में सीओपी28 शिखर सम्मेलन के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के साथ मुलाकात के कुछ हफ्तों बाद आया है। तब पीएम मोदी ने कहा था कि उन्होंने कतर में भारतीय समुदाय की भलाई पर चर्चा की थी। दोनों नेताओं के बीच ये मुलाकात इसलिए अहम मानी गई थी क्योंकि उस समय ये भारतीय पूर्व नौसैनिक कतर की जेल में बंद थे। भारतीयों को मिली मौत की सजा पर भारत ने कहा था कि वह स्तब्ध है और सभी कानूनी विकल्पों पर काम कर रहा है। इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इन आठ भारतीयों के परिवारों से भी मुलाकात की थी। केंद्र की मोदी सरकार पर लगातार इन आठ पूर्व नौसैनिकों की रिहाई के लिए दबाव बन रहा था। कांग्रेस, एआईएमआईएम और अन्य विपक्षी पार्टियां इन भारतीयों को जल्द भारत वापस लाने की मांग कर रहे थे। वास्तव में पूर्व की हमारी सरकारें पश्चिम एशिया और पर्शियन गल्फ को कम महत्व देती थीं, लेकिन जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आए हैं, तब से माहौल बदला है। भारत अपना कूटनीतिक समय और प्रभाव इन जगहों पर खर्च नहीं करता था। अब वह गलती सुधारी जा रही है। मई 2014 में प्रधानमंत्री का पद ग्रहण करने के बाद जो पहला विदेश दौरा नरेंद्र मोदी ने किया, वह भूटान का था और दूसरा दौरा यूएई का किया। शुरू से ही उन्होंने यह स्पष्ट रखा कि पश्चिम एशिया और अरब देशों से संबंधों के मामले में वह नया अध्याय जोड़ने जा रहे हैं। कतर से हमारे संबंध पुराने और बेहतरीन रहे हैं। अगर हम देखें तो कतर की 30 फीसदी जनसंख्या तो भारतीय प्रवासियों की है। वहां जो श्रमिक वर्ग है या ब्लू कॉलर्ड वर्ग है, वह कतर जाते-आते रहते हैं। खासकर राजस्थान, केरल और कर्नाटक से वहां बहुत लोग जाते हैं। अगर हम बारीकी से देखें तो पाएंगे कि यह कूटनीतिक सफलता भारत के लिए आदत बनती जा रही है। कतर के अलावा अफगानिस्तान से भी भारत ने बड़ी कूटनीति और चालाकी से अपने नागरिकों को निकाला। कीव और मारियोपोल में भी भारतीय नागरिकों को बड़ी चतुराई से भारत ने निकाला। मारियोपोल में पुतिन ने भारतीय विद्यार्थियों को सेफ पैसेज दिया और पोलैंड, लाटविया और लिथुआनिया में हमारे पांच केंद्रीय मंत्री इंतजार कर रहे थे और यूक्रेन-संकट के दौरान भी वे निकाल कर लाए। यह भारत और प्रधानमंत्री की कूटनीतिक चालाकी है। इसमें यह भी एक मुद्दा गौर करने का है कि हमारा पड़ोसी पाकिस्तान इस षडयंत्र में शामिल था, ऐसी भी आशंका जताई गयी है, क्योंकि पाकिस्तान भी कतर में काफी निवेश करता है। उसके पर्व त्योहार और छुट्टियों में भी पाकिस्तानी अधिकारी जाते हैं, साथ ही पाकिस्तान इस तरह के षडयंत्र में रहता भी है.। इसमें कोई दो राय नहीं है कि नेहरूवादी विदेश-नीति के दौर से हम आगे निकल चुके हैं। पहले हमारी नीति प्रतिक्रियावादी होती थी। जब तक भारत को बिल्कुल ही कोने में धकेला नहीं जाता था। एक शब्द अंग्रेजी का है- प्रीएम्पशन, जिसका अर्थ होता है- पहले से तैयार रहना। नयी दिल्ली पहले इसका इस्तेमाल नहीं करती थी और इसका एक कूटनीतिक शस्त्र की तरह प्रयोग तो बहुत दूर की बात थी. देखा जाए तो मोदी और विदेश मंत्रालय ने प्रयत्न कर अपने संबंध अमेरिका और तेल से ऊपर उठ कर इन देशों से बनाए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि कतर उनके दूसरे घर की तरह है। जो पहले की सरकारें थीं, वे तेल और अमेरिका के संदर्भ में ही पश्चिम एशिया और अरब देशों को देखते थे। इसकी पृष्ठभूमि नरेंद्र मोदी और सुषमा स्वराज ने तैयार किया। इसके चलते आज हम बहुत आसानी से नौसेना के पूर्व-अधिकारियों को वापस ले आ सके हैं। इन पूर्व-अधिकारियों ने तो प्रोटोकॉल तोड़ते हुए सीधा स्वीकार भी किया है कि अगर पीएम मोदी का सीधा हस्तक्षेप नहीं होता, तो उनकी वापसी मुमकिन नहीं थी। एक बात टाइमलाइन की भी है। इन अधिकारियों की मौत की सजा को पहले विदेश मंत्रालय ने बदलवाकर लंबी कैद में करवाया, फिर इनको वापस लाने में सफल हुए। भारत ने पहले से सोचा कि ऐसी मुश्किलें आ सकती हैं और कतर की सफलता एक मील का पत्थर है। कतर से आठ पूर्व नौसेनिकों की रिहाई की कमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद संभाल रखी थी। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को छह बार गुपचुप कतर भेजा। सूत्रों ने बताया कि पीएम की सलाह व विदेश मंत्रालय और विभिन्न भारतीय खुफिया एजेंसियों के संयुक्त प्रयास से यह रिहाई हो सकी। एजेंसियां पिछले एक साल से लगातार काम कर रही थीं। अजीत डोभाल ने कतर सरकार और वहां के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के नजदीकी लोगों को मौजूद जियो पॉलिटिक्स के मद्देनजर मामले की बारीकियां समझाईं। उधर, विदेश मंत्री एस जयशंकर की अगुवाई में खास गठित टीम कूटनीतिक स्तर पर मामले को संभाल रही थी।

कुल मिलाकर भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक और वैदेशिक नीति में जीत का दिन है, जश्न का दिन है।

**-लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।**

## कविता

**"झूमता बसन्त है"**

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

## प्रेम के नाम पर अश्लीलता बढ़ाता वेलेंटाइन्स डे

**डॉ अजय कुमार मिश्रा**

**इंग्लैंड** और फ्रांस से शुरू हुआ प्रेम का प्रतीक वेलेंटाइन्स डे आज दुनियां में अपना महत्वपूर्ण स्थान बना चुका है खासकर युवाओं में तेजी से न केवल पकड़ मजबूत हुई है बल्कि अनेकों ऐसे बच्चे भी मिल जायेगे जिन्हें वास्तव में इसके सरोकार में शामिल नहीं होना चाहिए, पर वो लोग और तन्मयता से जुड़े है` इस दिन कार्ड, फूल, चॉकलेट और उपहारों को देने के साथ  साथ प्यार का इजहार किया जाता है` कई परिवर्तनों के दौर से गुजरता हुआ यह अब बाजारवाद का शिकार हो गया है और ग्लोबल कंपनियां इसे इस तरह प्रोमोट कर रही है की प्यार के इजहार का इससे नायब दिन कोई नहीं हो सकता` आधुनिकता के इस रंग में अब वेलेंटाइन्स डे सात दिनों के रंग का स्वरुप ले चुका है जिसमे प्रत्येक दिन कुछ अलग होता है और अंतिम स्वरुप 14 फरवरी को पूरा होता है प्रत्येक वर्ष यह 14 फरवरी को मनाया जाता है भारत का शायद ही कोई शहर ऐसा हो जो इसके प्रभाव में न हो` इसका प्रभाव बढ़ने से हम न केवल अपनी संस्कृति और सभ्यता भूलकर इन व्यवस्थाओं पर आगे बढ़ना चाह रहें है जिसका स्थायित्व कही नहीं है` वेलेंटाइन्स डे की अवधि में आप सभी ने यह जरुर सुना है की कुछ लोग इसका तीखा विरोध करतें है जबकि युवाओं को यह बेहद स्वीकार्य है` जगह  जगह पार्कों और कई जगहों पर कथित प्रेमी प्रेमिकाओं को मिलने से रोका जाता है या कई ऐसी गतिविधियाँ की जाती है जिसका उद्देश्य युवाओं में इसके प्रति डर बैठाना होता है` देश के अन्दर की व्यवस्था में आप देखेगे तो वेलेंटाइन्स डे को अब किसी बंदिश के दायरें में नहीं रखा जा सकता` तकनीकी और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में विकास ने इसमें और अधिक आजादी दे दी है नतीजन प्यार, स्वच्छ भावना, समर्पण, त्याग की जगह व्यक्तिगत इच्छापूर्ति और शारीरिक इच्छापूर्ति ने ले लिया है जहाँ न्यूनतम उम्र और इस विषय के समझ की कोई बाध्यता नहीं है` आज आपको देश के महानगरों में सार्वजनिक स्थानों पर ऐसी गतिविधियाँ देखने को दिनभर मिलने लगी है की आप अन्दर से न केवल डरा हुआ महसूस करेगे बल्कि आपके मन में यह विचार अवश्य उत्पन्न होगा की मेरे बच्चे क्या इसी तरह के है ? आधुनिक समाज के कुछ तथाकथित विद्वानों ने इसे और अधिक बढ़ावा दिया है जबकि 95 प्रतिशत लोगों को प्रेम का मतलब ही नहीं पता वास्तव में प्रेम होता क्या है और इसके प्रति किस तरह के समर्पण की आवश्यकता है` जिस दिन हम सभी इस बात को स्वयं समझने और समझाने में सफल हो जायेगें उस दिन विरोध नहीं करना होगा बल्कि समाज में प्रत्येक जगह इसका विरोध युवाओं द्वारा दिखेगा यदि हम प्रेम की बात करें तो हमारी संस्कृति और धर्म में एक दो नहीं अनेकों ऐसे उदहारण है जिसे समझने से हम अपनी विषम से विषम परिस्थिति में भी आधुनिकता के इस मकड़जाल में नहीं आ पायेंगे।

## विचार

# आखिर मानने में हर्ज क्या है?

**जनांदोलनों को दबाएं नहीं, सुलझाएं जायज हो तो स्वीकार करो अन्यथा..**

**कमेटी,** कमेटी आखिर कब तक कमेटी,निर्णय क्यों नहीं?कीलें जिंदाबाद।अस्थाई मगर पूरी तरह से पक्की दीवार जिंदाबाद ताकि कोई दिल्ली में किसान-मजदूर,कर्मचारी और इनका समर्थन करने वाले ना घुस सकें क्योंकि दिल्ली सबकी नहीं है।दिल्ली अभिजात्य वर्ग की है,किसान-मजदूर का वहाँ क्या काम?इसलिए साम-दाम दंड भेद रोकिए! क्योंकि यह सत्य और तथ्य है कि जिस दिन वास्तव में इस देश का किसान-मजदूर,कर्मचारी,ग्रामीण गरीब महिला,छात्र,रेहड़ी-फड़ी वाले,झुग्गी-झोंपडी वाले,ऑटो-रिक्शा चालक,छोटे दुकानदार,छोटे व्यापारी,जनवादी किस्म लोग दिल्ली पहुँच गया,उसी दिन सत्ता में बैठे लोगों और सत्ता के लिए लड़ रहे लोगों के पैरों तले की जमीन खिसक जाएगी क्योंकि असली रामराज्य,असली सुराज,असली जनराज केवल यही लोग ला सकते हैं क्योंकि यही लोग किसान-मजदूर और कर्मचारी देश की रीढ़ है।एक पेट भरता है और एक पेट भरने की पूरी प्रक्रिया में अपना सर्वस्व देता है और एक पेट भरने के बाद कि तमाम जरूरतों को पूरा करता है। मगर इसे दुर्भाग्य कहिए कि ये तीनों ही हर बार प्रताड़ित होते हैं,हर बार ठगे जाते हैं,बार-बार ठगे जा रहे हैं और कभी-कभार जागते हैं तब कीलें जिंदाबाद बोलती हैं,सिमेंटिड दीवार जिंदाबाद बोलती हैं।सड़कें,कंक्रीट,कंटीली तारें इंकलाब का राग गाने लग जाती है।डरती हैं तो सिर्फ सरकारें,मठाधीश,सत्ताधीश,तथाकथित वो लोग जो जनता को बहकाते हैं,भरमाते हैं और ऐसे लोग वो हरसंभव प्रयास करते हैं कि सिंहासन खाली करो कि जनता आती है,इसलिए उनके प्रयास होते हैं कि जनता ना आए क्योंकि जब जनता आएगी और इंकलाब का नारा लगाएगी तो सत्ता को सिंहासन से उतरना होगा वरना उतार दी जाएगी?असल बात क्या है?असल बात यह है कि अपने-अपने समय पर सत्ता में बैठे लोग कभी भी जनमुद्दों पर जबाब नहीं दे पाते,चाहे फिर सत्ता में कोई भी बैठा हो?सबका चरित्र एक ही रहा है बेशक चेहरा अलग-अलग रहा हो।वरना ऐसी क्या मांग है किसानों की,जो पूरी किया जाना संभव ना हो,छोटी-मोटी मांग ही तो हैं और एमएसपी की मगर हर नेता,हर पार्टी सिर्फ भाषण दे सकती हैं,वायदा कर सकती है लेकिन लागू नहीं करेगी जबकि किसी मान-सम्मान का मतलब केवल यही होता है कि जिसका मान-सम्मान हम कर रहें हैं,उसकी कही बातों को भी मानते हैं,उसके द्वारा की गई सिफारिश को भी मानते हैं,मगर हाय! रे राजनीति?यह हाल तमाम पार्टियों और नेताओं का है।जितनी मशक्कत रास्ते रोककर,कीलें ठोककर,दीवारें चिनवाकर किसानों को दिल्ली पहुँचने से रोकने की हो रही हैं,उससे तो अच्छा यह था कि सीधा एमएसपी को लीगल गारंटी बनाकर ही किसानों को दिल्ली पहुँचने से रोक दिया जाता?मगर यह तो मंजूर नहीं ना?मजदूर क्या चाहता है सिर्फ मजदूरी और उस मजदूरी की साल भर में मनरेगा के तहत तीन सौ दिन की कानूनी मौलिक अधिकार वाली गारंटी और मजदूरी एक दिन की केवल सात सौ रुपये,क्या दिक्कत है इसमें,कौनसी आफत आ जाएगी,कौनसा पहाड़ टूट जाएगा इसमें,मगर सत्ताएं बदली पर उनका चरित्र नहीं बदला?क्या मांगते है कर्मचारी?पुरानी पेंशन की बहाली की मांग ही तो कर रहे हैं,सिर्फ यही तो मांग है कि तमाम सार्वजनिक विभागों का निजीकरण रोको और सार्वजनिक विभागों का विस्तार करो,सिर्फ यही तो मांग है कि देश भर के तमाम विभागों में खाली पड़े पदों पर नियम से तय समय सीमा में स्थाई सरकारी भर्ती करो और कम से कम वेतनमान पचास हजार लागू करो,तमाम तरह के तमाम कच्चे कर्मचारियों को पक्का करो।सोचिए जरा!क्या खाली पदों पर भर्ती की मांग करना अनुचित है,क्या सार्वजनिक विभागों का निजीकरण रुकवाना नाजायज है,क्या न्यूनतम वेतन की मांग करना तर्कहीन है,क्या कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने की मांग औचित्यहीन है।जबकि हम तो विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं और तीसरी बनने जा रहे हैं।सवाल बहुत जायज हैं बस दरकार है इन्हें लागू करने की। जब-जब भी जनांदोलन हुए हैं,किसी भी जनांदोलन ने कुरसी नहीं मांगी तभी तो वो गाना आज भी मौजूं है कि हम मेहनतकश दुनियावालों से जब अपना हिस्सा मांगेंगे,एक खेत नहीं,एक बाग नहीं,हम सारी दुनिया मांगेंगे क्योंकि यह कोई खैरात नहीं बल्कि हमारा हक है,अधिकार है,जिसे हमने अपने खून-पसीने से सींचा हैं।लेकिन यहाँ आंदोलनकारियों को भी सजग व सचेत रहने की जरूरत है कि उनका आंदोलन कानून के दायरे में ही रहे,सार्वजनिक संम्पति को नुकसान न पहूँचाया जाए,कोई भी ऐसी अप्रिय घटना ना हो,जो किसी को भी उंगली उठाने के लिए विवश कर दे,कोई ऐसा ब्यान ना आए,जो कुछ और साबित करे।उधर तथाकथित गोदी मीडिया को चाहिए कि किसी भी जनांदोलन को किसी अन्य नजरिए से ना देखे बल्कि सच दिखाए,सच बताए।यकीनन यह सब लोग चाहते हैं कि सत्ता पर कोई आए मगर व्यवस्था परिवर्तन हो और व्यव्यस्था ऐसी हो कि हर हाथ को रोजगार मिले, शिक्षा,स्वास्थ्य,सुरक्षा हो,सार्वजनिक विभाग बढ़े,न्याय सर्वसुलभ हो,मजदूर को मजदूरी मि गारंटी हो,किसान मो उसकी फसल का उचित मूल्य मिले आदि-आदि।वैसे सुना तो यह भी है कि देश में पहली बार देश भर के किसान-मजदूर और कर्मचारी मिलकर सौलह फरवरी को भारत बंद/हड़ताल करने जा रहे हैं।उचित,समुचित और न्यायसंगत यही है कि इनकी समस्याओं का समाधान किया जाए।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, दैनिक एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ दीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड से मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी

समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)

स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत (9837313943)

actionindiaddn@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उत्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# ऋतुओं का ऋतुराज वसंत

**वसंत** पंचमी का पर्व वैदिक काल से ही मनाया जाता है। वसंत ऋतु उत्तर भारत की छः ऋतुओं में से एक है। माघ मास शुक्लपक्ष पंचमी के दिन वसंत पंचमी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

सनातन धर्म में वसंत पंचमी के त्योहार को बेहद उत्साह के साथ मनाया जाता है। वसंत पंचमी फरवरी महीने से लेकर अप्रैल महीने के मध्य तक अपने सौन्दर्य की छठा बिखरती है। वसंत पंचमी के दिन से ही वसंत ऋतु का आगमन होता है। वसंत ऋतु को सभी ऋतुओं का राजा अर्थात ऋतुराज कहा गया है। इसी दिन भगवान विष्णु कामदेव तथा रति की पूजा की जाती है। मां सरस्वती मानव के लिए परम आवश्यक ज्ञान प्राप्ति की प्रथम सीढ़ी है। वाक शक्ति की अधिष्ठात्री देवी है। माता सरस्वती ज्ञान ओर विधा की देवी है। वसंत ऋतु बड़े ही हर्षोल्लास का पर्व है। वसंत को ऋतु राज की उपाधि इसलिए दी है कि यह अपने साथ उल्हास ओर सौन्दर्य की छटा बिखेर हुए है। पुराणों के अनुसार वसंत को कामदेव का पुत्र कहा है।

प्राचीन ग्रंथों से लेकर साहित्य तक वसंत अपने पूरे वैभव और ढसक के साथ अनगिनत आयामों के साथ विद्यमान है। वसंत का न जाने कितने रूपों में विवरण मिलता है। सुगंध, श्रंगार, प्यार का मनुहार का मौसम है। वसंत के आगमन से हर चीज और सुंदर हो जाती है। वसंत ऋतु में प्रकृति में चारों ओर रंग बिरंगे फूलों की छटा बिखर जाती है। जिससे सभी जीव और जंतुओं में एक प्रकार से मन में अलग ही तरह का उल्हास होता है। सर्द ऋतु में वृक्षों से गिरे पत्ते दोबारा से प्रफुटित होने लगते हैं। चारों तरफ पक्षियों की चचाहट ओर कोयल की हूक सुनाई देती है। मन में एक तरह से उल्लासपूर्ण वातावरण होता है। मस्ती ओर उमंग होती है।

वसंत पंचमी के दिन शुभ कर्म करने से स्वास्थ्य और दीघार्यु की प्राप्ति होती है। यह दिन सृष्टि में एक नए जीवन की नई आशा की रचना करता है। वसंत के आगमन से पृथ्वी पर सरसों के पीले पीले फूल अपने रंग की छटा बिखेरते हैं। पलाश के फूल खिलने से सृष्टि का अलग ही नजारा देखने को मिलता है। आम की बौर से वातावरण महक उठता है। इस मादक वातावरण में मनुष्य ही नहीं समूचा प्राणी जगत विमुग्ध और प्रेममय हो उठता है। वसंत का महीना मौज मस्ती का महीना होता है।

## कुर्सीलाल और चिपकु बाबा

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**यह जो** कुर्सी नाम की चीज है यह वाकई बड़ी कमाल की है। अगर कुर्सी न होती तो न इतने नेता होते और न इतने चेले-चपाटे। परिणाम यह होता कि मधुशालाओं के बजाय अस्पताल खुलते और मक्खी मारने के बजाय रोजगार मिलते। देश में जो कुछ भी परेशानियाँ हैं वे सब कुर्सी के ही कारण हैं। जो भी हो, स्थिति यह है कि नेता गण तिलचट्टे की तरह धड़ से सर अलग हो जाने पर भी कुर्सी की माया के कारण जीवित रहते हैं। जब तक कुर्सी है तब तक उनकी मर्जी है। कुर्सी गई मतलब उल्टी गिनती शुरू। इसलिए कुर्सी चाहे जैसी भी हो लेकिन उसमें पॉवर अवश्य होना चाहिए। जब तक पॉवर है तब तक शरीर में झनझनाहट है। गली से लेकर दिल्ली तक सिर्फ और सिर्फ कुर्सी की माया चलती है। यह कुर्सी इतनी कमाल की होती है कि उस पर बैठा मच्छर डायनासोर लगने लगता है और उतरते ही डायनासोर मच्छर। यह किस्सा एक छोटी सी कुर्सी का है। वह भी कॉलोनी अध्यक्ष की। कॉलोनी अध्यक्ष की कुर्सी क्या गई कुसीर्लाल की तबियत खराब हो गई। कुर्सी छीनने से उन पर कहर टूट पड़ा। एक अदद कुर्सी की बात थी। मगर जब उसमें वे बैठते मानो खुद को भगवान समझने लगते। आगे-पीछे चमचे दुम हिलाने लगते। बात-बात पर शॉल ओढ़ना, माला पहनना उनके लिए साँस लेने जैसा हो गया था। हर छोटे-बड़े काम कराने के लिए माल अलग से मिलता था। वे अक्सर कहते - कुर्सी भले लकड़ी की बनी होती है लेकिन जानदार लोगों को झुकने पर मजबूर कर देती है। कुसीर्लाल फिर से कुर्सी प्राप्त करने के लिए चिपकु बाबा के पास पहुँचे। चिपकु बाबा अब तक नौ-दस बार पलटी मार चुके हैं। मजाल कि कोई कुर्सी उनसे चिपकने से मना कर दिया हो। उनकी पलटी को देख कुर्सी भी डर उठती है। उसे लगता कहीं यही मुझे उलटने-पुलटने के बहाने मेरा कचूमर न बना दे। यही कारण है कि चिपकु बाबा जिस दल में जाते कुर्सी भी उनके संग चल उठती। कुर्सी को भी सभी तशरीफें पसंद नहीं आतीं, जिसकी पसंद आती है उसी के हिसाब से अपना आकार बदल लेती है। और ऐसी कुर्सियाँ अपने आकार से नहीं तशरीफ के आकार से प्रसिद्ध हो जाती हैं।

## रेहान अहमद को फिर से एयरपोर्ट पर रोका गया, गलत वीजा के साथ की भारत में एंट्री

नई दिल्ली.एजेंसी

इंग्लैंड के युवा लेग स्पिनर रेहान अहमद को फिर से वीजा की वजह से भारत में परेशानी हुई है। उनको सोमवार को राजकोट में इंडियन इमिग्रेशन ऑफिशियल्स ने रोक लिया गया, क्योंकि उनके पास एक सिंगल एंट्री वीजा पाया गया था। इससे पहले उनको भारत में एंट्री नहीं मिली थी और वे पहले टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध नहीं थे। हालांकि, दूसरे मैच से पहले भारत आए, लेकिन दूसरा मैच खेलने के बाद वे अबूधाबी टीम के साथ चले गए। अब जब वे फिर से टीम के साथ लौटे हैं तो एक बार फिर से उनके साथ वीजा की समस्या खड़ी हो गई है।सिंगल एंट्री वीजा रखने वाले व्यक्ति को देश से बाहर निकलने या फिर से प्रवेश करने की अनुमति नहीं है। इंग्लैंड की टीम दूसरे और तीसरे टेस्ट के बीच अबूधाबी में 10 दिनों के ब्रेक का आनंद लेने के बाद अबू धाबी-राजकोट चार्टर्ड फ्लाइट के माध्यम से भारत लौटी। बीसीसीआई अधिकारी ने बताया, इंग्लैंड टीम को फिर से वीजा की प्रक्रिया करने की सलाह दी गई है जो अगले दो दिनों में होगी। खिलाड़ी को बाकी टीम के साथ देश में प्रवेश करने की अनुमति दी गई और वह मंगलवार को अभ्यास में उपस्थित होंगे।

यह पहला मामला था जब कोई अंतरराष्ट्रीय उड़ान सीधे राजकोट में उतरी। इसी वजह से जामनगर के अधिकारियों के साथ एक अस्थायी इमिग्रेशन काउंटर बनाया गया था, जो काम की देखरेख कर रहा था। 31 सदस्यीय अंग्रेजी दल में से रेहान एकमात्र ऐसे शख्स थे, जिनके पास उचित वीजा नहीं था। रेहान पिछले साल पाकिस्तान के खिलाफ कराची में टेस्ट डेब्यू में पांच विकेट लेने वाले इंग्लैंड के सबसे कम उम्र के पुरुष टेस्ट क्रिकेटर बने थे। रेहान उन तीन युवा स्पिनरों में से एक हैं, जिन्होंने भारतीय दौरे पर प्रभावित किया है, बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टली और ऑफ स्पिनर शोएब बशीर ने यहां अपना डेब्यू किया।

## सरफराज खान का टेस्ट डेब्यू कंफर्म, राजकोट में एक और युवा खिलाड़ी की भी चमकेगी किस्मत!

नई दिल्ली.एजेंसी

लगातार तीन बार घरेलू सीजन में 100 से ज्यादा के औसत के साथ बल्लेबाजी करने वाले सरफराज खान को आखिरकार भारत की टेस्ट कैप मिलने वाली है। दूसरे टेस्ट मैच से पहले उनको भारत की टेस्ट टीम में चुना गया था और अब सीरीज के बाकी बचे तीन मैचों के लिए भी वे टीम का हिस्सा होंगे। राजकोट में खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट मैच के साथ वे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने की कगार पर हैं। उनके अलावा एक और खिलाड़ी को डेब्यू कर सकता है।दरअसल, पांच मैचों की सीरीज के आखिरी तीन मैचों के लिए मध्य क्रम में श्रेयस अय्यर नहीं है, जबकि केएल राहुल भी तीसरे टेस्ट के लिए चोट की वजह से उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाले सरफराज खान को डेब्यू करने का मौका मिलेगा। सूत्र ने इंडियन एक्सप्रेस को पुष्टि करते हुए बताया, सरफराज खान डेब्यू करेंगे। चूंकि केएल राहुल इस टेस्ट से बाहर हो गए हैं, ऐसे में सरफराज को अपना पहला मैच खेलने का मौका



मिलेगा।सरफराज पिछले कुछ सालों से कड़ी मेहनत कर रहे हैं। भले ही विराट कोहली के पहले दो टेस्ट मैचों से हटने के बाद चयनकर्ताओं ने रजत पाटीदार को चुना, लेकिन 26 वर्षीय ने उम्मीद नहीं खोई। चयनकर्ताओं ने उनकी अनदेखी की, लेकिन इसके एक दिन बाद ही उन्होंने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 161 रन बनाकर फिर से सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था। अब वे टेस्ट कैप हासिल करने वाले हैं, क्योंकि मध्य क्रम में अब दो बल्लेबाज नहीं हैं।

सरफराज ही नहीं, बल्कि आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के नए चक्र के तहत खेली जा रही इस सीरीज के तीसरे मुकाबले में ध्रुव जुरेल भी डेब्यू कर सकते हैं। 15 फरवरी से राजकोट में आयोजित होने वाले मैच में विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर केएस भरत को नहीं, बल्कि ध्रुव जुरेल को मौका मिलने की पूरी उम्मीद है। वे पहले दो टेस्ट मैचों के लिए भी चुने गए थे और आखिरी तीन मैचों के लिए भी टीम का हिस्सा हैं।

# कुलवंत खेजरोलिया का कोहराम

## रणजी ट्रॉफी मैच में 4 गेंदों में 4 विकेट लेकर रचा इतिहास

नई दिल्ली.एजेंसी

मध्य प्रदेश के तेज गेंदबाज कुलवंत खेजरोलिया ने सोमवार को इंदौर के होल्कर स्टेडियम में बड़ौदा के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। टीम को विशाल जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले कुलवंत खेजरोलिया ने रणजी ट्रॉफी के इस मैच में लगातार चार गेंदों पर चार विकेट निकाले। वे मध्य प्रदेश के लिए फोर-ट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए, जबकि रणजी ट्रॉफी के इतिहास में इस मुकाम पर पहुंचने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए। टूर्नामेंट के अपने पांचवें गेम में खेलते हुए मध्य प्रदेश की टीम ने पहली पारी में 454 रन बनाए थे। बड़ौदा की पहली पारी 132 रन पर सिमट गई। इसके बाद फॉलोऑन खेलते हुए शाश्वत रावत ने 105 रनों की पारी खेली, लेकिन फिर कुलवंत खेजरोलिया का कोहराम देखने को मिला। कुलवंत खेजरोलिया ने पहले शाश्वत रावत को चलता किया और फिर अगली तीन गेंदों



पर तीन विकेट निकालकर उन्होंने इतिहास रचने का काम कर दिया।

कुलवंत खेजरोलिया ने शाश्वत के बाद महेश पिथिया, भार्गव भट्ट और एएम सिंह को अगली तीन गेंदों पर आउट किया। तीनों बल्लेबाज खाता नहीं खोल पाए। कुलवंत प्रथम श्रेणी क्रिकेट में डबल फोर-ट्रिक (चार गेंदों में चार विकेट) लेने वाले केवल तीसरे भारतीय गेंदबाज बने। उनसे पहले 1988 में दिल्ली के शंकर सैनी ने ये कमाल किया था और 2018 में जम्मू-कश्मीर के मोहम्मद मुदासिर ने ये कारनामा किया था।

संयोग से, मुदासिर और खेजरोलिया अब एकमात्र गेंदबाज हैं, जिन्होंने प्रथम श्रेणी में डबल हैट्रिक या फोर-ट्रिक और लिस्ट ए क्रिकेट में हैट्रिक हासिल की है। कुलवंत ने ऑलराउंडर अतीत शेठ को आउट करके अपना पहला प्रथम श्रेणी पांच विकेट हॉल भी इसी मैच में प्राप्त किया।

इस मैच में मध्य प्रदेश ने बड़ौदा को एक पारी और 52 रन से हरा दिया। वे अब छह राउंड के बाद 26 अंकों के साथ एलीट ग्रुप डी में शीर्ष पर हैं।

## राजकोट टेस्ट के लिए केएस भरत या ध्रुव जुरेल? आकाश चोपड़ा ने इसे चुना

**स्पोर्ट्स डेस्क.** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा के अनुसार भारतीय टीम प्रबंधन को केएस भरत के साथ थोड़ा अधिक धैर्य रखना चाहिए और इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट श्रृंखला में उनके विकेटकीपिंग कौशल के आधार पर ही उनका मूल्यांकन करना चाहिए। प्लेइंग 11 में केएस भरत की जगह खतरे में है क्योंकि ऐसी अटकलें लगाई जा रही है कि भारत 15 फरवरी से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में विदर्भ के ध्रुव जुरेल को टेस्ट डेब्यू और विकेटकीपिंग देगा। आकाश चोपड़ा ने हाल के दिनों में अपने टेस्ट विकेटकीपरों के बारे में भारत के व्यवहार में निरंतरता की कमी पर प्रकाश डाला और इस कहा कि पिछले साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के बाद भारत ने केएस भरत पर कैसे जल्दी भरोसा खो दिया।30 वर्षीय भरत ने पिछले साल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अपना टेस्ट डेब्यू किया था, जब दिसंबर 2022 में एक सड़क दुर्घटना में कई चोटों के कारण ऋषभ पंत को 4 मैचों की श्रृंखला से बाहर कर दिया गया था।

## ICC 19 वर्ल्ड कप 2024 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट का ऐलान, इन 4 भारतीय खिलाड़ियों को किया शामिल

नई दिल्ली.एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद यानी आईसीसी ने कप्तान उदय सहारन और स्टार बल्लेबाज मुशीर खान सहित चार भारतीय खिलाड़ियों को सोमवार को घोषित अंडर-19 विश्व कप की टूर्नामेंट की टीम में शामिल किया। बल्लेबाज सचिन धास और स्पिनर सौम्य पांडे अन्य दो भारतीय खिलाड़ी है जिन्हें टीम में जगह मिली है। भारत रविवार को टूर्नामेंट के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से 79 रन से हार गया था।



ऑस्ट्रेलिया के कप्तानू वीबगेन को टूर्नामेंट की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। इस टीम का चयन मीडिया, प्रसारक और आईसीसी प्रतिनिधियों के पैनल ने किया। भारत के चार खिलाड़ियों के अलावा टूर्नामेंट की चैंपियन टीम ऑस्ट्रेलिया के तीन, मेजबान दक्षिण अफ्रीका के दो तथा वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के एक-एक खिलाड़ी को आईसीसी ने अपनी इस टीम ऑफ द टूर्नामेंट में शामिल किया है।स्कॉटलैंड के जेमी डंक को इस टीम में 12वें खिलाड़ी के तौर पर चुना गया है। भारत ने इस टूर्नामेंट में सेमीफाइनल तक एक भी मैच नहीं गंवाया था, लेकिन फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों भारत की टीम को हार मिली। ऐसा ही कुछ साल 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में हुआ था।

## सुनील गावस्कर ने बताया चयक्रके उस खिलाड़ी का नाम, जो लगता है एमएस धोनी की कॉपी



नई दिल्ली.एजेंसी

महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल के आगामी सीजन से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स यानी केआरआर के एक विदेशी खिलाड़ी में एमएस धोनी की झलक देख रहे हैं। इस लीग की 2012 और 2014 के संस्करणों की चैंपियन टीम केकेआर के लिए 2023 का सीजन भुलाने वाला था, क्योंकि नितीश राणा की कप्तानी में शाहरुख खान की को-ओनरशिप वाली फ्रैंचाइजी 10 टीमों वाले टूर्नामेंट की अंकतालिका में सातवें स्थान पर रही।आईपीएल 2024 ऑक्शन से पहले केकेआर ने शाकिब अल हसन, लिटन दास, आर्या देसाई, डेविड वीजा, शार्दुल ठाकुर, लॉकी फर्ग्यूसन, उमेश यादव और टिम साउदी को रिलीज कर दिया था। वहीं, केकेआर ने ऑक्शन में 24.75 करोड़ रुपये में मिचेल स्टार्क को खरीदा। उनके अलावा मनीष पांडे, मुजीब उर रहमान और शेरफन रदरफोर्ड जैसे खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया। हालांकि, सुनील गावस्कर ने ओपनर रहमनुल्लाह गुरबाज की तारीफ की है। केकेआर के आने वाले सीजन में टीम कॉम्बिनेशन को लेकर बात करते हुए भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा कि उनको अफगानिस्तान के ओपनर की बैटिंग स्टाइल एमएस धोनी जैसी लगती है। उन्होंने कहा, मैंने जो भी देखा है उसके आधार पर मुझे गुरबाज की बैटिंग काफी पसंद आई है। वह बेहद आक्रामक हैं और उनकी बल्लेबाजी एमएस धोनी की थोड़ी कॉपी जैसी है और शायद यही कारण है कि मुझे यह पसंद है।

उन्होंने आगे बताया, जब वर्ल्ड कप खत्म हुआ तो उसके बाद उन्होंने जो काम किया वो था फुटपाथ पर सो रहे लोगों को पैसे देना। ऐसा करने के लिए, उसे निश्चित रूप से मेरे लिए टीम में होना चाहिए। उन्होंने टीम के प्लेऑफ में पहुंचने को लेकर कहा, आसान नहीं होने वाला (प्लेऑफ क्वॉलिफिकेशन)।

## जैक क्रॉली ने अपने कोच को ही गलत साबित कर दिया, दो साल पहले मैकलम ने दिया था ये बयान

नई दिल्ली.एजेंसी

इंग्लैंड की टेस्ट टीम के हेड कोच ब्रैंडन मैकलम का एक बयान इन दिनों सुर्खियों में है, जो उन्होंने दो साल पहले दिया था। उन्होंने इंग्लैंड के एक खिलाड़ी को लेकर दावा किया था कि वह कॉसिस्टेंट नहीं है, लेकिन अब वही खिलाड़ी टीम के लिए अहम बन चुका है। जी हां, इंग्लैंड की बैजबॉल के इस युग में जैक क्रॉली शीर्ष पर हैं। उन्होंने विशाखापट्टनम टेस्ट मैच की पहली पारी में 76 और दूसरी पारी में 73 रन बनाए थे। पहले मैच की दोनों पारियों में वे 51 रन बनाने में सफल हुए थे। 2022 समर सीजन में ब्रैंडन मैकलम ने जैक क्रॉली को लेकर बयान दिया था, -वह कभी भी एक कंसिस्टेंट टाइप क्रिकेटर नहीं बन पाएगा।- उनके कहने का मतलब था कि वे ऐसे खिलाड़ी नहीं बन जाएंगे, जो लगातार टीम के लिए रन बनाए। उनका औसत उस सीजन में



महज 23 का था। हालांकि, अब इस पर जैक क्रॉली ने पलटवार किया। पहले अपने प्रदर्शन से और अब अपने बयान से उन्होंने मैकलम को जवाब दिया। पहले पाकिस्तान और अब भारत में वे बैजबॉल के फ्लैग बीयरर हैं। उस बयान के बाद जैक क्रॉली ने पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी टेस्ट मैच में 122 और 50 रन की पारी खेली। इसके बाद दो अन्य मैचों में पाकिस्तान के खिलाफ और न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में वे हर बार दोहरे अंकों तक पहुंचे। अब भारत के खिलाफ राजकोट में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस रूम में जब क्रॉली को मैकलम के उस बयान के बारे में पूछा गया तो वे उन शब्दों को सुनकर मुस्कुरा दिए।

उन्होंने एक प्रासंगिक जवाब पेश किया और, जब बाज (ब्रैंडन मैकलम) ने यह टिप्पणी की थी तब की तुलना में अब मैं बेहतर खिलाड़ी हूं, लेकिन मैं समझता हूं कि उन्होंने क्या कहा था। पिछले समर सीजन की शुरुआत के बाद से क्रॉली 53.42 की औसत से 748 रन बनाकर टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। भारत के खिलाफ अब तक चार पारियों में वे 200 रन बना चुके हैं और उनका औसत इस समय 50 का है।

# आकाश चोपड़ा ने चयनकर्ताओं से की अपील, बोले- ऐसे खिलाड़ियों को टीम में मत चुनो जो...

पूर्व टेस्ट ओपनर आकाश चोपड़ा ने चयनकर्ताओं से अपील की है कि ऐसे खिलाड़ियों को टीम में मत चुनो जो फर्स्ट क्लास क्रिकेट मिस कर रहे हैं। उन्होंने रहाणे और पुजारा से सीखने की अपील युवाओं से की है।



नई दिल्ली.एजेंसी

आकाश चोपड़ा ने भारतीय क्रिकेट टीम के चयनकर्ताओं से आग्रह किया है कि वे फर्स्ट क्लास क्रिकेट छोड़ने वाले खिलाड़ियों को टीम में ना चुनें। उन्होंने कहा कि चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे जैसे दिग्गज खिलाड़ी घरेलू सर्किट में लगातार खेल रहे हैं, लेकिन युवा खिलाड़ी पीछे हट जाते हैं। कई युवा खिलाड़ी मौजूदा रणजी ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं, जबकि पुजारा और रहाणे क्रमशः सौराष्ट्र और मुंबई के लिए खेल रहे हैं।भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कथित तौर पर सभी क्रिकेटरों को, जो राष्ट्रीय टीम का हिस्सा नहीं हैं, प्रमुख घरेलू टूर्नामेंट के अगले दौर में खेलना अनिवार्य कर दिया है। अपने यूट्यूब चैनल पर शेयर किए गए एक वीडियो में भारत के पूर्व टेस्ट ओपनर आकाश चोपड़ा ने रणजी ट्रॉफी को छोड़ने के लिए युवाओं को फटकार लगाई और उनसे पुजारा और रहाणे जैसे सीनियर खिलाड़ियों से सीखने की अपील की। अजिंक्य रहाणे की फॉर्म अच्छी नहीं है, जबकि चेतेश्वर पुजारा दमदार फॉर्म में है और वे टेस्ट टीम में वापसी राह खोज रहे हैं।आकाश चोपड़ा ने कहा, मैं सुन रहा हूं कि बहुत से युवा खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट में नहीं खेल रहे हैं। वह खेलते ही नहीं, क्योंकि उनका नाम पहले ही आईपीएल में आ चुका है। लोग यह सोचने लगे हैं कि अगर वे आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करेंगे तो उनका चयन हो जाएगा, जो अच्छी बात नहीं है, क्योंकि चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे अभी भी खेल रहे हैं। पूर्व ओपनर ने कहा है कि ऐसे खिलाड़ियों का चयन नहीं होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, अगर फर्स्ट क्लास क्रिकेट आयोजित हो रहा है और यदि आप फिट हैं और भारतीय टीम का हिस्सा नहीं है, तो जाएं और खेलें। अगर किसी को लगता है कि वह बिना खेले टीम में वापस आ जाएंगे तो होने वाला नहीं है। कड़ा संदेश देना होगा कि आपके बारे में तभी विचार किया जाएगा, जब आप डोमेस्टिक क्रिकेट में जाकर खेलेंगे।अगर आपको लगता है कि आप केवल आईपीएल खेलेंगे और सारी क्रिकेट उसी के आधार पर खेलेंगे, तो मैं उम्मीद कर रहा हूं कि अजीत अगरकर के नेतृत्व में चयन समिति इस बात को साफ कर देगी कि ऐसा नहीं होने वाला है।

# न्यूजीलैंड ने एक दिन में फेंके 29 ओवर मेडेन, रचिन रविंद्र ने अब गेंदबाजी में दिखाया कमाल

साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड की टीम ने पहले दिन 89 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें से 29 ओवर मेडेन रहे। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बैटिंग कितनी सधी हुई साउथ अफ्रीका ने की।




नई दिल्ली.एजेंसी

न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला हैमिल्टन में खेला जा रहा है। आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के चक्र के तहत खेली जा रही इस सीरीज के दूसरे मुकाबले के पहले दिन साउथ अफ्रीका को टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी।

न्यूजीलैंड की टीम चार तेज गेंदबाजों के साथ उतरी। पहले दिन कुल 89 ओवरों का खेल हुआ, जिसमें से 29 ओवर मेडेन रहे, जिनमें बल्ले से एक भी रन नहीं बना। साउथ अफ्रीका की टीम ने दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन 6 विकेट खोकर 89 ओवर में सिर्फ 220 रन बनाए। इसमें से 29 ओवर मेडेन थे। 8 ओवर रचिन रविंद्र ने मेडेन किए, जो कि एक पार्ट टाइम बॉलर समझे जाते हैं। खास बात ये रही कि पहले मैच में दोहरा शतक जड़ने वाले रचिन रविंद्र ने इस मैच में गेंदबाजी में कमाल कर दिखाया। उन्होंने साउथ अफ्रीका के तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। 21 ओवर में 33 रन देकर उन्होंने तीन विकेट निकाले।

न्यूजीलैंड की तरफ से 7 ओवर टिम साउदी ने मेडेन फेंके, जबकि 6 ओवर नील वैग्नर के रनों के बिना रहे। 5 ओवर मैट हेनरी ने बिना कोई रन दिए फेंके। इसके अलावा 3 ओवर पहला टेस्ट मैच खेल रहे विलियम ओरउर्की ने मेडेन फेंके।

साउथ अफ्रीका के लिए कई बल्लेबाजों ने शुरुआत हासिल की, लेकिन कोई अभी तक बड़ी पारी नहीं खेल पाया है। हालांकि, रुआन डिस्वार्ट 135 गेंदों में 55 रन बनाकर नाबाद लौटे हैं। वे दूसरे दिन भी बल्लेबाजी करेंगे।

उनके अलावा 39 रन डेविड बेडिंघम ने बनाए, जबकि 32 रन रैनार्ड वैन टोंडर के बल्ले से निकले। शॉन वोन बर्ग 34 रन बनाकर नाबाद लौटे। साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज रनों के लिए तरसते नजर आए। सटीक लाइन और लेंथ के साथ कीवी पेसर्स ने गेंदबाजी की।

हालांकि, अच्छी बात ये रही कि साउथ अफ्रीका ने पहले दिन अपने सभी विकेट नहीं गंवाए। तीन विकेट स्पिनर रचिन रविंद्र को मिले, जबकि 1-1 सफलता हेनरी, वैग्नर और ओरउरकी को मिली।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 14 फरवरी 2024 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### किसान आंदोलन: हिमाचल से दिल्ली के लिए एचआरटीसी बस सेवा स्थगित

**शिमला:** पंजाब के किसान संगठनों के दिल्ली कूच को देखते हुए दिल्ली की सीमाएं सील कर दी गई है। इसके बाद हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) ने दिल्ली जाने वाली बस सेवा को मंगलवार से स्थगित कर दिया है। दरअसल, किसान आंदोलन को देखते हुए दिल्ली की सीमाएं सील हैं। इसके चलते एचआरटीसी ने दिल्ली जाने वाली सभी बस सेवाओं को मंगलवार को स्थगित कर दिया है। मंगलवार अपरान्ह 3 बजे के बाद हिमाचल से दिल्ली के लिए कोई बस रवाना नहीं हुई। अब 14 जनवरी यानी बुधवार को चंडीगढ़ से दिल्ली बसें जाएगी या नहीं, इसका फैसला हरियाणा एवं दिल्ली पुलिस के निदेर्शानुसार किया जाएगा। बस सेवा स्थगित होने से हिमाचल से दिल्ली आवाजाही करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसका असर शिमला और मनाली के पर्यटन पर भी पड़ेगा। एचआरटीसी की वॉल्वो बसों से रोजाना बड़ी संख्या में सैलानियों का दिल्ली से शिमला और मनाली आना-जाना लगा रहता है। एचआरटीसी अधिकारी ने बताया कि किसान आंदोलन के कारण दिल्ली में प्रवेश की इजाजत नहीं दी जा रही है। यात्रियों को रास्ते में जाम एवं दिल्ली सीमाएं सील होने के कारण होने वाली असुविधा के कारण निगम अब दिल्ली जाने वाली सभी बस सेवाओं को चंडीगढ़ तक ही चलाएगा। वहीं दिल्ली से आने वाली बसों को दिल्ली में ही खड़ी कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि पंजाब एवं चंडीगढ़ और हरियाणा राज्य की बसें भी चंडीगढ़ तक ही चलाई जा रही है। हरियाणा पुलिस के निदेर्शों के अनुसार ही दिल्ली को बसें भेजी जाएगी।

इस बीच दिल्ली जाने वाले यात्रियों के लिए एचआरटीसी प्रबंधन ने एडवाइजरी भी जारी की है। एडवाइजरी में प्रबंधन ने कहा है कि चंडीगढ़ से दिल्ली के बीच में बस यात्रा करने से पहले यात्री नजदीकी बस अड्डे से सूचना प्राप्त करें या फिर एचआरटीसी के कंट्रोल रूम नंबर 0177- 2658765, दिल्ली- 011-23868694 एवं चंडीगढ़ 9463378026 पर संपर्क करें।

### 'आरोही' को मिला 'राष्ट्रीय अस्तित्व सम्मान'

**नैनीताल:** पीएचडी चैंबर ऑफ फैमिली वेल्फेयर फाउंडेशन ने महिला सशक्तिकरण एवं सीमान्त समुदाय को धरातल पर बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिये नैनीताल जनपद की स्वयं सेवी संस्था आरोही को दिल्ली के पीएचडी हाउस में राष्ट्रीय अस्तित्व सम्मान से सम्मानित किया है। संस्था के 9वें राष्ट्रीय अस्तित्व सम्मान समारोह में दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायाधीश रेखा पल्ली एवं पीएचडी चैंबर ऑफ फैमिली वेल्फेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष अनुराधा गोयल की उपस्थिति में आरोही संस्था के अध्यक्ष-डॉ. (कर्नल) सीएस पंत, अधिशासी निदेशक डॉ.पंकज तिवारी एवं स्वाति पंत, निधि व्यास, चन्द्रकला बिष्ट व चित्रा मेहरा ने संयुक्त रुप से सम्मान-प्रतीक चिह्न प्राप्त किया।

# 'विकसित भारत के संकल्प में युवाओं की अहम भूमिका'

## श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में पश्चिम बंगाल व झारखंड के राज्यपाल पहुंचे, 'प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का कद बढ़ा'

**दीक्षांत**

**8 मोदी ने दुनिया में भारत के कद को बड़ा और सशक्त बनाने के लिए बदलाव व सुधार के कई प्रयास किए हैं**






**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली/झुंझुनूं**

**पश्चिम** बंगाल के राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया में भारत के कद को बडा और सशक्त बनाने के लिए बदलाव व सुधार के जो प्रयास किए हैं, उनसे आज के युवा और शिक्षक को प्रेरणा लेनी चाहिए। आत्मनिर्भर भारत से विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में युवाओं की अहम भूमिका होगी, इसलिए शिक्षकों को हर युवा की आंतरिक क्षमता को पहचान कर उसका बेहतर इस्तेमाल करना सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि देश ही नहीं, बल्कि दुनिया में बदलाव का सबसे मजबूत हथियार शिक्षा है और हमें मिलकर इस दिशा में काम करना है। मंगलवार को झुंझुनूं स्थित श्री जगदीशप्रसाद झाबरमल टिबडेवाला विश्वविद्यालय (श्री जेजेटी युनिवर्सिटी) के 12वें दीक्षांत समारोह में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस व झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शामिल हुए। अपने संबोधन में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस ने कहा कि हम भारत नहीं हैं, बल्कि भारत हम सभी के अंदर है। एक नागरिक के तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कितना काम करते हैं, क्या एक शिक्षक, एक छात्र के नाते हम उतना काम नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक को छात्र के अंदर की ताकत को पहचानने व इसके सही दिशा में इस्तेमाल करने की जिम्मेदारी लेनी होगी, तभी एक युवा अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सुधार लाएगा और यही बदलाव देश व समाज को आगे बढाने में कारगर साबित होगा। झारखंड राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सभी शोधार्थियों, शैक्षणिक डिग्री प्राप्त कर रहे युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पडाव हर किसी के जीवन में महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पढाई में शत-प्रतिशत अंक हासिल करना नहीं है, बल्कि पढ लिख कर सोसायटी में अपना योगदान देना है। उन्होंने कहा कि आपने जो ज्ञान हासिल किया है, वह देश व समाज के काम आए, ऐसे प्रयास करना जरूरी है।

### राज्यपालों को डी लिट की उपाधि से नवाजा

**यूनिवर्सिटी** चेयरपर्सन डॉ विनोद टिबडेवाला व प्रेजीडेंट डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस व झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को डी लिट की उपाधि से नवाजा। यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन डॉ विनोद टिबड़ेवाला ने कहा कि यूनिवर्सिटी का मुख्य लक्ष्य शिक्षा व खेल क्षेत्र में युवाओं को अधिक से अधिक अवसर प्रदान करना है, ताकि आने वाले समय में युवा नौकरी लेने नहीं, नौकरी देने वाले बनें। इससे पूर्व यूनिवर्सिटी प्रेजीडेंट डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल ने दीक्षांत समारोह शुरू होने की घोषणा की। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि अनुसन्धान के बाद अब यूनिवर्सिटी खेलों में तेजी से नई ऊंचाइयां छू रही है।

### 'यूनिवर्सिटी में विद्यार्थियों का शानदार अनुभव रहा'

**पश्चिम** बंगाल के राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस ने अपने संबोधन में कहा कि उन्हें दीक्षांत समारोह के माध्यम से बहुत सी यूनिवर्सिटी में जाने का मौका मिला है, लेकिन श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी में शोधार्थियों, विद्यार्थियों द्वारा अनुशासन का प्रदर्शन करना उनके लिए शानदार अनुभव रहा है। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मेरिटोरियस ने श्री जेजेटी युनिवर्सिटी द्वारा महिला शिक्षा को लेकर उठाए गए कदमों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मेरिट प्राप्त व प्रतिभाशाली छात्राओं की शत-प्रतिशत ट्यूशन फीस माफ व हर छात्रा की 75 प्रतिशत ट्यूशन फीस माफ करने का निर्णय महिला शिक्षा को बढावा देने वाला है। उन्होंने किसी युनिवर्सिटी में ऐसी योजना नहीं देखी। उन्होंने श्री राजस्थान सेवा संघ की गतिविधियों, विशेषकर कोरोना महामारी के दौरान किए गए कामों को लेकर भी तारीफ की।

# सपा के गढ़ पहुंचे एमपी के सीएम मोहन




**टीम एक्शन इंडिया/आजमगढ़**

**मध्य प्रदेश** के मुख्यमंत्री मोहन यादव लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की कमान संभालेंगे। इसके मद्देनजर वह मंगलवार को समाजवादी पार्टी के गढ़ आजमगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि विधानसभा और लोकसभा दोनों में भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ा है। लोग भाजपा में शामिल होना चाहते हैं। मुझे खुशी है कि मैं यहां सभी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद हूं। उत्तर प्रदेश और आजमगढ़ से मेरा खास रिश्ता रहा है। इससे पहले सीएम मोहन यादव आजमगढ़ क्लस्टर के अंर्तगत आने वाली आजमगढ़-लालगंज-घोसी-बलिया और सलेमपुर समेत पांच लोकसभा क्षेत्रों के पार्टी पदाधिकारियों की बैठकों में शामिल हुए।

**सुल्तानपुर में है मोहन यादव की ससुराल:** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का विवाह यूपी के सुल्तानपुर निवासी ब्रह्मादीन यादव की बेटी सीमा यादव से 1994 में उज्जैन में हुआ था। ब्रह्मादीन मूलतः अंबेडकर नगर की भीटी तहसील स्थित कोर्रा डडवा गांव के निवासी हैं। लेकिन उनका परिवार सालों पहले सुल्तानपुर शिफ्ट हो गया था।

### बिहार बजट: इंजीनियरिंग के छात्रों को मिलेंगे इंटर्नशिप के अधिक मौके

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**राज्य** में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने में जुटी सरकार ने इंटर्नशिप को बढ़ावा देने को प्राथमिकता दी है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में इस बार बजट में 268.55 करोड़ की बढ़ोतरी की है। नए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग का कुल बजट 1072.31 करोड़ तय किया है। जबकि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में विभाग का बजट 803.76 करोड़ है। नए बजट में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने और नई तकनीक पर आधारित पाठ्यक्रमों को लागू करने पर भी फोकस दिया गया है।



स्वतंत्रता के बाद दक्षिण गुजरात के धरमपुर क्षेत्र में भारत के राष्ट्रपति का पहला दौरा श्रीमद् राजचंद्र मिशन धरमपुर में मंगलवार को हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का यहां जमकर स्वागत किया गया।

### 'गो इंडिया का नारा लगाने वाले अब वेलकम इंडिया कह रहे'

**टीम एक्शन इंडिया/जम्मू**

**जम्मू कश्मीर अपनी** पार्टी के चेयरमैन सैयद मोहम्मद अल्ताफ बुखारी ने सोमवार को कहा कि अगर कोई पूर्व हुर्रियत नेता या कोई अन्य अलगाववादी नेता मुख्यधारा की राजनीति में शामिल होता है तो किसी को एतराज नहीं होना चाहिए।

बशर्ते वह जम्मू कश्मीर को भारत का अविभाज्य अंग मानता है, भारतीय संविधान में आस्था रखता हो और कभी भी आतंकी हिंसा में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल नहीं होना चाहिए।

# 'असम में 1.59 लाख से अधिक लोग विदेशी घोषित'



**टीम एक्शन इंडिया/गुवाहाटी**

**असम** के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य में 1.59 लाख से अधिक लोगों को अब तक विदेशी घोषित किया जा चुका है। यही नहीं, लगभग 97 हजार लोगों की संदिग्ध मतदाता के रूप में पहचान की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में संदिग्ध मतदाताओं की नागरिकता के मुद्दे से निपटने वाले 100 विदेशी (नागरिक) अधिकरण वर्तमान में संचालित हो रहे हैं। वह विधानसभा में विपक्षी एआइयूडीएफ के विधायक अमीनुल इस्लाम के एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

**1,59,353 लोगों को किया गया विदेशी घोषित:** उन्होंने कहा कि इन अधिकरणों ने 31 दिसंबर 2023 तक 1,59,353 लोगों को विदेशी घोषित किया है। अधिकरण ने विगत वर्ष के अंत तक 3,37,186 मामलों का निपटारा किया है। जबकि, 96,149 मामले विभिन्न अधिकरणों में लंबित हैं। कांग्रेस विधायक शरमन अली अहमद के एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार, अभी राज्य में 96,987 संदिग्ध मतदाता हैं। 41,275 संदिग्ध मतदाताओं को विदेशी (नागरिक) अधिकरण का नोटिस मिलना अभी बाकी है। आईएनएस के अनुसार, सरमा ने कहा है कि राज्य सरकार बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने और राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए एक मजबूत कानून लाने की योजना बना रही है।

**संदिग्ध मतदाता**

**8 बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने और राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए एक मजबूत कानून लाने की योजना बना रही**

# जमीन पर उतरेंगे 10 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक कर आगामी 19-21 फरवरी को प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 की तैयारियों की समीक्षा की। विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, विकास प्राधिकरणों के सीईओ के साथ हुई इस विशेष बैठक में मुख्यमंत्री जी ने विभागवार और जनपदवार निवेश प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए जीबीसी-4.0 के सफल आयोजन के लिए निम्न दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में 10-12 फरवरी, 2023 को यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का सफल आयोजन हुआ।

इस आयोजन में 10 कन्ट्री पार्टनर, 40 देशों के 1000 से अधिक विदेशी प्रतिनिधियों, पार्टनर कंट्री के 04 मंत्रीगण, 17 केंद्रीय मंत्रीगणों, राजदूतों/उच्चायुक्तों और 25000 से अधिक डेलीगेट्स सहित राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों तथा अन्य गणमान्य महानुभावों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर उत्तर प्रदेश का मान बढ़ाया। यह आयोजन हमारी 25 करोड़ जनता की आकांक्षाओं, युवाओं की अपेक्षाओं को पूरा करने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को $1 ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होने वाला है 16 देशों के 21 नगरों और देश के 10 शहरों में रोड शो सहित प्रदेश के सभी 75 जनपदों में निवेशक सम्मेलन के उपरांत तीन दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 39.52 लाख करोड़ के औद्योगिक निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

**समीक्षा**

**8 आगामी 19-21 फरवरी को प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 की तैयारियों की समीक्षा की**

# रास: सपा उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**राज्यसभा** चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी की तरफ से तीनों उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल कर दिया है। इस मौके पर उनके साथ सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व शिवपाल सिंह यादव भी मौजूद हैं। समाजवादी पार्टी ने अभिनेत्री जया बच्चन, पूर्व केंद्रीय मंत्री रामजी लाल सुमन और यूपी के पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन को उम्मीदवार बनाया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और मुख्य महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने सोमवार को प्रदेश पार्टी मुख्यालय पर राज्यसभा प्रत्याशियों को लेकर मंथन किया। कुछ विधायक भी बुलाए गए, जिन्होंने प्रस्तावक बनने के लिए सादे कागज पर हस्ताक्षर किए। एक विधायक ने नाम न छापने के अनुरोध पर बताया कि जिस कागज पर साइन कराए गए थे, उस पर किसी प्रत्याशी का नाम नहीं लिखा था। जया बच्चन को पांचवीं बार प्रत्याशी बनाया गया है। रामजी लाल सुमन 1977 में पहली बार फिरोजाबाद से लोकसभा चुनाव जीते थे। उसके बाद वर्ष 1989, 1999 और 2004 में भी लोकसभा चुनाव जीते।

# 'किसानों पर आंसू गैस के गोलों की बौछार, ये कैसा अमृतकाल'

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**दिल्ली की तरफ** जा रहे किसानों के जत्थे पर पुलिस द्वारा आंसू गैस छोड़ने को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र की मोदी सरकार की कड़ी आलोचना की है और कहा कि ये कैसा अमृतकाल है जब किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं। धिक्कार है...। उन्होंने कहा कि जो कुछ हो रहा है और जिस प्रकार की खबरें आ रही हैं कि आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं। किसानों को रोकने के लिए और आंदोलन खत्म करने के लिए कीलों के साथ-साथ दीवारें तक खड़ी की गई। प्रशासन के माध्यम से सरकार जो कर सकती थी कर रही है। दिल्ली की सरकार किसानों की आवाज को दबाना चाहती है। ये वही सरकार के लोग हैं जिन्होंने किसानों से कहा कि उनकी आय दोगुनी हो जाएगी, फसल की कीमत मिलेगी, न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि अपनी इन्हीं मांगों को लेकर किसानों ने एक साल तक आंदोलन किया था। इस दौरान 700 किसानों की जान चली गई थी।

# लालू के साले सुभाष ने किया सरेंडर



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**बिहार में** राजद सुप्रीमो लालू यादव के छोटे साले सुभाष यादव ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। रंगदारी के एक मामले में कुर्की आदेश का इस्तेहार जारी होने के बाद सुभाष यादव ने सरेंडर किया है। बिहाट थाने के इस मामले में मंगलवार को पुलिस जेसीबी लेकर सुभाष यादव के घर भी पहुंची थी। बता दें कि बिहार में सरकार बदलने के बाद राजद नेता लालू यादव के परिवार के खिलाफ यह बड़ा एक्शन माना जा रहा है। एक दिन पहले ही उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विधानसभा में विश्वासमत प्रस्ताव के दौरान भाषण देते हुए कहा था कि एक-एक की फाइल खुलवाऊंगा।

**क्या है मामला:** जानकारी के अनुसार, ये मामला बिहटा थाना में दर्ज है। रंगदारी से जुड़े इस मामले में ही राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के छोटे साला सुभाष यादव ने सरेंडर किया है। मंगलवार को पुलिस उनके घर कुर्की के लिए जेसीबी लेकर पहुंची थी। बता दें कि कोर्ट के कुर्की आदेश का इस्तेहार भी जारी हुआ था। ऐसे में सुभाष यादव ने कुर्की से बचने के लिए खुद ही कोर्ट में जाकर समर्पण कर दिया।

**पुलिस बोली- हमारे आने से पहले किया सरेंडर:** कुर्की की कार्रवाई के लिए पहुंची स्थानीय महिला पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह रंगदारी का पुराना मामला था।

इसमें कुर्की-जब्ती का आदेश हमें कोर्ट से मिला था। इसी कार्रवाई के लिए यहां (सुभाष यादव के घर) आए थे।

**विकास कार्य** यहां कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, इसी के साथ-साथ एक रैली को भी संबोधित करेंगे

# 20 को जम्मू दौरे पर होंगे पीएम नरेंद्र मोदी, देंगे कई सौगात



**टीम एक्शन इडिया/उधमपुर /जम्मू**

**जम्मू-कश्मीर** में मौजूद केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा है कि पीएम मोदी 20 फरवरी को जम्मू दौरे पर होंगे और वह यहां कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसी के साथ-साथ एक रैली को भी संबोधित करेंगे।

**यहां रुकेगी कटरा दिल्ली वंदे भारत ट्रेन:** जितेंद्र सिंह ने कहा कि पीएम मोदी जम्मू में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे। ये रैली शहीद कैप्टन तुषार महाजन रेलवे स्टेशन पर कटरा-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव के लिए होगी। बता दें कि इलाके के लोगों को सुविधा हो इसके लिए उधमपुर और कठुआ रेलवे स्टेशनों पर मध्यम दूरी की सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज शुरू किया गया था।

**कई परियोजनाओं का करेंगे शुभारंभ:** जितेंद्र सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हम चाहते थे कि प्रधानमंत्री चुनाव आचार संहिता शुरू होने से पहले जम्मू-कश्मीर का दौरा करें।

उन्होंने बताया कि पीएम का कार्यक्रम 20 फरवरी को होने वाला है, जिसके दौरान वह विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे और एक सार्वजनिक बैठक को भी संबोधित करेंगे।

**इन परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन:** यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी सांबा के विजयपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), रियासी जिले में चिनाब पर सबसे ऊंचे रेलवे पुल, उधमपुर में देविका परियोजना, आईआईएम जम्मू और शाहपुर-कांडी बांध परियोजना का उद्घाटन करेंगे।

**शुभारंभ**

**8 पीएम का कार्यक्रम 20 फरवरी को होने वाला है, जिसके दौरान वह परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे**